दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 182
कोटद्वार मंगलवार
1 नवम्बर 2022, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं

दैनिक जयन्त

www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## सीएचसी में नशे की हालत में ड्यूटी पर तैनात चिकित्साधिकारी बर्खास्त

**देहरादून।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रायपुर में संविदा पर तैनात चिकित्साधिकारी डा. दिनेश चंद्र सेमवाल को नशे की हालत में ड्यूटी करने पर बर्खास्त कर दिया गया है। सोमवार को सचिव स्वास्थ्य ड. आर. राजेश कुमार ने बर्खास्तगी के आदेश जारी किए हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत सीएचसी रायपुर में ड. दिनेश चंद्र सेमवाल को संविदा पर चिकित्साधिकारी के पद पर तैनात किया गया था। 30 अक्तूबर को उन पर सीएचसी में ड्यूटी के दौरान नशे की हालत में होने के आरोप लगे थे। इसकी एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी।

मामले में बताया गया था कि सीएचसी में रात को ड्यूटी पर तैनात दूसरे डक्टर ने एक मरीज को इमरजेंसी में भर्ती किया था। अगले दिन रविवार को सुबह डा. दिनेश चंद्र सेमवाल ड्यूटी पर थे। मरीज के परिजन डक्टर सेमवाल के पास गए और उन्होंने अपने मरीज के बारे में जानकारी चाही। इस पर डक्टर और परिजनों में बहस होने लगी। परिजनों का कहना था कि डक्टर ने शराब पी रखी थी, उन्होंने मोबाइल से इसकी वीडियो भी बना ली। वायरल वीडियो में डा सेमवाल यह कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि रात को ड्यूटी पर तैनात डक्टर मरीज को गलत भर्ती किया। यह बड़ा अस्पताल नहीं है। मरीज को किसी बड़े अस्पताल में रेफर किया जाना चाहिए था। इसके साथ ही वह रात को तैनात डक्टर के बारे में अभद्र भाषा का भी इस्तेमाल कर रहे हैं। इस संबंध में सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक ड. प्रताप सिंह पंवार ने मुख्य चिकित्साधिकारी समेत अन्य अधिकारियों को भी रिपोर्ट भेजी थी। सचिव स्वास्थ्य ने मामले को संज्ञान में लेते हुए चिकित्साधिकारी को बर्खास्त करने के आदेश जारी किए।

## धनखड़ ने की सरदार पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित

**नई दिल्ली ,एजेंसी ।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को उनकी जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। धनखड़ सोमवार को यहां संसद भवन के समक्ष पटेल चौक पर सरदार पटेल की प्रतिमा पर जाकर पुष्पांजलि अर्पित की।

इससे पूर्व उपराष्ट्रपति ने एक ट्वीट में सरदार पटेल की उक्ति- महान उद्देश्यों की पूर्ति के लिए शक्ति और विश्वास दोनों का होना जरूरी है। का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, भारत की एकता के महान शिल्पी, सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर उनकी स्मृति को सादर प्रणाम। तज्ञ राष्ट्र उनकी जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में याद करता है।

## केरल में पूर्वोत्तर मानसून की दस्तक, 6 जिलों में येलो अलर्ट

**तिरुवनंतपुरम ,एजेंसी ।** पूर्वोत्तर मानसून के केरल पहुंचने के साथ ही मौसम विभाग ने राज्य के छह जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। एर्नाकुलम जिले में भारी बारिश हुई, जिससे शहर में पानी भर जाने के बाद यातायात ठप हो गया। भारतीय मौसम विभाग ने 2 नवंबर तक राज्य में भारी बारिश की भविष्यवाणी की है और कोल्लम, पठानमथिट्टा, अलाप्पुझा, कोट्टायम, इडुक्की और पलक्कड़ जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने राज्य के अलग-अलग इलाकों में भारी बारिश की भी संभावना जताई है।

# आ गया भारत का अपना डिजिटल रुपया !

### आज से आरबीआई का पायलट प्रोजेक्ट शुरू



**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की डिजिटल करेंसी- डिजिटल रुपयाका पहला पायलट टेस्टिंग मंगलवार यानी एक नवंबर को शुरू होगा जिसमें नौ बैंक सरकारी सिक्योरिटीज में लेनदेन के लिए इस डिजिटल करेंसी का इस्तेमाल करेंगे। भारतीय रिजर्व बैंक ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा, डिजिटल रुपये (थोक खंड) का पहला पायलट परीक्षण एक नवंबर को शुरू होगा। इस टेस्टिंग के तहत सरकारी सिक्योरिटीज में सेकेंडरी मार्केट लेनदेन का निपटान किया जाएगा।

आरबीआई ने केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा लाने की अपनी योजना की दिशा में कदम बढ़ाते हुए डिजिटल रुपये का पायलट टेस्टिंग शुरू करने का फैसला किया है। थोक खंड के लिए होने वाले इस परीक्षण में नौ बैंक शिरकत करेंगे। इन बैंकों की पहचान भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), बैंक अफ बड़ौदा, यूनियन बैंक अफ इंडिया, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, यस बैंक, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एचएसबीसी के रूप में की गई है। आरबीआई की डिजिटल मुद्रा में सौदों का निपटान करने से निपटान लागत में कमी आने की संभावना है।

इसके साथ ही आरबीआई ने कहा कि डिजिटल रुपये (खुदरा खंड) का पहला पायलट परीक्षण एक महीने के भीतर शुरू करने की योजना है। यह परीक्षण विशेष उपयोगकर्ता समूहों के बीच चुनिंदा स्थानों में किया जाएगा, जिसमें ग्राहक और कारोबारी शामिल हैं। रिजर्व बैंक के मुताबिक, भविष्य के पायलट परीक्षणों में थोक स्तर पर होने वाले अन्य सौदों एवं सीमापार भुगतान पर भी ध्यान दिया जाएगा।

आरबीआई ने सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी के बारे में पेश अपनी संकल्पना रिपोर्ट में कहा था कि यह डिजिटल मुद्रा लाने का मकसद मुद्रा के मौजूदा स्वरूपों का पूरक तैयार करना है। इससे उपयोगकर्ताओं को मौजूदा भुगतान प्रणालियों के साथ अतिरिक्त भुगतान विकल्प मिल पाएंगे। ब्ठक्ब किसी केंद्रीय बैंक की तरफ से जारी होने वाले मौद्रिक नोटों का डिजिटल स्वरूप है। दुनियाभर के केंद्रीय बैंक सीबीडीसी लाने की संभावनाओं को टटोल रहे हैं। सरकार ने वित्त वर्ष 2022-23 के बजट में डिजिटल रुपया लाने की घोषणा की थी।

# पीएम ने रखी बनासकांठा में परियोजना की नींव



**बनासकांठा ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को बनासकांठा के थराड़ जिले में कई योजनाओं की नींव रखने पहुंचे। मोरबी में हुए हादसे को लेकर पीएम मोदी यहां संबोधन के दौरान काफी भावुक दिखाई दिए। पीएम ने कहा कि वे इस बात को लेकर असमंजस में थे कि वह इस प्रोजेक्ट की लन्चिंग के कार्यक्रम में शामिल हों या न हों। पीएम ने कहा कि वे यहां के लोगों के प्यार की वजह से हिम्मत जुटाकर कार्यक्रम में आए। अपने भाषण के दौरान पीएम कई बार बीच में ही रुक गए।

पीएम ने गुजराती में कहा, मोरबी में भयंकर पीड़ादायक हादसा हुआ। इस दौरान मोदी की आवाज भारी हो गई और वे काफी भावुक दिखाई दिए। पीएम ने कहा, ष्मन बहुत व्यथित है। मैं दुविधा में था कि विकास के कार्यक्रम जो हैं, उन्हें करुं कि न करुं। बनासकांठा के लिए ये कार्यक्रम जरूरी हैं। लेकिन आपके प्रेम और सेवाभाव और हमारे कर्तव्य निभाने के संस्कार की वजह से मैं मन मजबूत कर के आपके वास्ते यहां आ गया। बनासकांठा मतलब पूरा उत्तर गुजरात।

पीएम ने कहा, आज गुजरात शोक में डूबा है। पूरा देश मोरबी की घटना से आज दुखी है। जो दुर्घटना हुई, उस दुख की घड़ी में आप सबकी संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं। भूपेंद्र भाई पटेल की सरकार ने पूरी ताकत के साथ राहत-बचाव कार्य में झोंक दिया। सीएम सीधा केवड़िया से मोरबी पहुंचे और राहत-बचाव कार्य की कमान संभाल ली। सरकार के मंत्री और अधिकारी भी आपदा के समय में कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रहे थे। पीएम ने कहा कि हमने एनडीआरएफ के साथ नौसेना, वायुसेना को भी बचाव कार्यों में लगा दिया। इस विकट परिस्थिति में सरकार ने कोई कोर-कसर बाकी नहीं रहने दी। मोदी ने कहा कि जो पीड़ादायक घटना हुई है, उसके पीड़ितों की मदद में भी कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

## मोरबी ब्रिज हादसे को लेकर पीएम मोदी ने की हाई लेवल मीटिंग

**गांधीनगर, एजेंसी।** मोरबी केबल ब्रिज हादसे से पूरे देश में शोक की लहर है। पुल टूटने से कुल 132 लोगों की अब तक मौत हो चुकी है। वहीं इस हादसे के चलते सैकड़ों लोग घायल हो चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात के दौरे पर हैं। पीएम मोदी ने आज गुजरात के गांधीनगर में इस हादसे की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में पीएम मोदी को मोरबी में हुई दुर्घटना के बाद से जारी बचाव और राहत कार्यों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही इस बैठक में केबल ब्रिज हादसे से जुड़े सभी पहलुओं पर चर्चा की गई। बैठक में पीएम मोदी ने यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता मिले।इस उच्च स्तरीय बैठक में सीएम भूपेंद्र पटेल, गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी, गुजरात के मुख्य सचिव और डीजीपी सहित राज्य के गृह विभाग और गुजरात राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के शीर्ष अधिकारी मौजूद थे। बता दें कि केबल ब्रिज ढहने के बाद 132 लोगों की मौत हो गई। वहीं 100 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात के केवड़िया पहुंचे थे। सोमवार को उन्होंने श्लौह पुरुषश को पुष्पांजलि दी। साथ ही वह संबोधन के दौरान मोरबी पुल हादसे को लेकर भावुक हो गए। उन्होंने घटना पर दुख जाहिर किया और बचाव कार्य और सरकार के प्रयासों की भी जानकारी दी थी। पीएम मोदी इस हादसे को लेकर गांधीनगर में हाई लेवल की मीटिंग भी किए।कल यानी 30 अक्टूबर की देर शाम मोरबी में केबल ब्रिज टूट गया। रात 9रू30 बजे तक ध्रांगधरा, जामनगर, भुज से सेना की नौ टुकड़ियां घटनास्थल पर भेजी गईं। सेना की इन टुकड़ियों में इंजीनियरिंग टास्क फोर्स और मेडिकल डिटेचमेंट के जवान शामिल हैं।

## आगामी शीतकालीन सत्र में देशद्रोह कानून में कर सकते हैं बदलाव: सुको



**नई दिल्ली , एजेंसी।** केंद्र ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट से कहा कि सरकार संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में भारतीय दंड संहिता की धारा 124 (ए) के तहत देशद्रोह कानून में बदलाव ला सकती है। शीर्ष अदालत देशद्रोह कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। शीर्ष अदालत ने देशद्रोह कानून को चुनौती देने वाली कुछ याचिकाओं पर केंद्र को नोटिस भी जारी किया। भारत के मुख्य न्यायाधीश उदय उमेश ललित के नेतृत्व वाली शीर्ष अदालत ने जनवरी के दूसरे सप्ताह में सुनवाई के लिए देशद्रोह कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाले मामलों को सुनवाई की तारीख आगे बढ़ा दी।

मुख्य न्यायाधीश उदय उमेश ललित और न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ को अटर्नी जनरल आर वेंकटरमणि ने कहा कि केंद्र को कुछ और समय दिया जाए क्योंकि संसद के शीतकालीन सत्र में कुछ हो सकता है। वेंकटरमणि ने कहा कि यह मुद्दा संबंधित अधिकारियों के विचाराधीन है और इसके अलावा 11 मई के अंतरिम आदेश के मद्देनजर चिंता का कोई कारण नहीं है, जिसने प्रावधान के उपयोग को रोक दिया था।

अटर्नी जनरल वेंकटरमणि ने कहा कि इस अदालत द्वारा 11 मई, 2022 के आदेश में जारी निर्देशों के संदर्भ में मामला अभी भी संबंधित अधिकारियों के ध्यानार्थ है। उन्होंने अनुरोध किया कि कुछ अतिरिक्त समय दिया जाए ताकि सरकार उचित कदम उठा सके। भारतीय दंड संहिता की धारा 124ए देशद्रोह को अपराध बनाती है। इससे पहले मई में सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया था कि जब तक सरकार इसकी समीक्षा नहीं करती और जेल में बंद लोग जमानत के लिए अदालत का दरवाजा खटखटा सकते हैं, तब तक विवादास्पद देशद्रोह कानून पर रोक रहेगी। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि भारतीय दंड संहिता की धारा 124ए, जो देशद्रोह के अपराध को अपराध बनाती है, उसे तब तक स्थगित रखा जाए जब तक कि सरकार द्वारा कानून की समीक्षा करने की कवायद पूरी नहीं हो जाती।भारत के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश एनवी रमण, जस्टिस सूर्यकांत और हेमा कोहली की पीठ ने केंद्र सरकार और राज्यों से धारा 124 ए के तहत कोई भी मामला दर्ज नहीं करने को कहा था।

## सर्वदलीय बैठक में 15 नवंबर के बाद विधानसभा सत्र आहूत करने पर बनी सहमति

**देहरादून ।** अनुपूरक बजट पेश करने के लिए विधानसभा का आगामी सत्र कहां होगा इस पर सरकार निर्णय लेगी। सर्वदलीय बैठक में देहरादून और गैरसैंण दोनों विकल्पों पर चर्चा हुई। बैठक में 15 नवंबर के बाद ही सत्र आहूत करने सहमति बनी है। विपक्ष गैरसैंण में सत्र कराने के पक्ष में है। फैसला अब सरकार को लेना है।

विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक में आगामी सत्र को गैरसैंण या देहरादून में आहूत करने के लिए दलीय नेताओं से सुझाव लिए। उन्होंने सत्र के दौरान सभी दल के नेताओं से सदन की कार्यवाही को शांतिपूर्वक व सुचारु रूप से संचालित करने में सहयोग की अपेक्षा की। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश के विकास व जनहित में उठाए गए मुद्दों पर सदन में सकारात्मक चर्चा होगी।

स्पीकर ने कहा कि सरकार के समक्ष सत्र को गैरसैंण या देहरादून में आहूत किए जाने के संबंध में अपनी बात रखी है। सभी चाहते हैं कि गैरसैंण में सत्र हो, लेकिन इस पर सरकार की ओर से निर्णय लिया जाना है कि सत्र गैरसैंण में हो या फिर देहरादून में। उन्होंने कहा कि सरकार जहां भी तय करेगी विधानसभा सचिवालय पूरी तरह से तैयार है।

# हेलीकॉप्टर में आई खराबी, कालागढ़ में हुई इमरजेंसी लैंडिंग

### सोमवार सुबह देहरादून से हल्द्वानी जा रहा था हेलीकॉप्टर

### तकनीकी खराबी आने के कारण करवानी पड़ी इमरजेंसी लैंडिंग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** देहरादून से हल्द्वानी के लिए उड़े हेलीकॉप्टर की कालागढ़ में इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। हेलीकॉप्टर के दोनों पायलट व यात्री पूरी तरह सुरक्षित है। सोमवार सुबह11 बजे हेलीकॉप्टर ने देहरादून से हल्द्वानी के लिए उड़ान भरी थी। 11.35 पर हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग कराईं गयी।

सोमवार को पवन हंस कंपनी का एक हेलीकॉप्टर देहरादून से हल्द्वानी के लिए जा रहा था। जब वह सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे अफजलगढ़ क्षेत्र के गांव मीरापुर मोदीवाला के समीप पहुंचा तो अचानक हेलीकॉप्टर में कोई तकनीकी खराबी आ गई, जिसके चलते रेड सिगनल हो गया। इसके बाद हेलीकॉप्टर को नागेन्द्र सिंह के खाली पड़े खेत में उतारना पड़ा।

हेलीकॉप्टर को पायलट कैप्टन राजकुमार यादव चला रहे थे। उनके साथ सह पायलट कैप्टन रत्नेश सिंह तथा यात्री अरुण कुमार सिंह ब्यूरो आफ सिविल डिफेंस डायरेक्टर देहरादून मौजूद थे। ये तीनों लोग हेलीकॉप्टर से देहरादून से हल्द्वानी जा रहे थे। पायलेट राजकुमार यादव ने बताया कि रेड सिगनल मिलने के कारण इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी।



कालागढ़ क्षेत्र के एक खाली खेत में खड़ा हेलीकॉप्टर।

### ग्रामीणों की लगी भीड़

गांव के खेत में अचानक हुई हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग से आसपास के ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीण बड़ संख्या में हेलीकॉप्टर को देखने के लिए मौके पर पहुंच गए। पुलिस टीम के समझाने पर ग्रामीण वापस गांव को लौटे।

### देहरादून से बुलाई गई टीम

कालागढ़ की सीमा से सटी उत्तर प्रदेश के जनपद बिजनौर के अंतर्गत मीरापुर साउथ में एक खेत में इमरजेंसी लैंडिंग हुई है। हेलीकॉप्टर की खराबी दूर करने को देहरादून से टीम बुलाई गई है। सुरक्षा को देखते हुए मौके पर पुलिस टीम भी तैनात रही।

### कुछ दिन पूर्व केदारनाथ में हुआ था हादसा

कुछ दिन पूर्व केदारनाथ से लौट रहा हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया था। यह हादसा धाम में करीब तीन किमी दूर हुआ था। जिसमें पायलट समेत सात लोगों की मौत हुई थी। मरने वालों में पायलट महाराष्ट्र का था और यात्री गुजरात और दक्षिण भारत के थे।

# भारत सबके योगदान से बनेगा विश्वगुरू : सीएम

### स्वस्थ मन, वचन, एवं कर्म के लिए मनुष्य का निरोगी होगा जरूरी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून :** सरदार बल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस पर सोमवार को राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में चंपावत जिले के मिनी स्टेडियम बनबसा से एनएचपीसी गेस्ट हाउस बनबसा तक आयोजित एकता दौड़ को हरी झंडी दिखाकर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रवाना किया। मुख्यमंत्री द्वारा सभी प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ भी दिलाई गई। एकता दौड़ में शामिल होकर एनएचपीसी गेस्ट हाउस पहुंच कर मुख्यमंत्री ने सरदार बल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक अच्छे समाज के लिए सबका स्वस्थ शरीर होना जरूरी है। स्वस्थ मन, वचन, एवं कर्म के लिए मनुष्य का निरोगी होगा जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत को विश्वगुरू बनाने के लिए सबको अपना योगदान देना होगा। हमारी युवा पीढ़ी जो आने वाले समय में देश के कर्णधार होंगे, उन्हें सही दिशा मिलनी जरूरी है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल ने एकीकरण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। देश में 562 से भी ज्यादा रियासतों को एक सूत्र में पिरोने का काम सरदार बल्लभ भाई पटेल ने ही किया था। इसलिए उन्हें आजाद भारत के इतिहास में लौह पुरुष की संज्ञा दी गई। उन्होंने कहा कि हमारे देश के अंदर सरदार बल्लभ भाई पटेल जैसे जांबाज लौह पुरुष पैदा हुए, वहीं देश के अंदर शंकराचार्य ने पूरब से लेकर पश्चिम, उत्तर से लेकर दक्षिण तक एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया। आज हमारे देश के अंदर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। आज पूरी दुनिया में भारत का मान सम्मान एवं स्वाभिमान बढ़ रहा है। आज भारत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले 25 साल बाद जब देश आजादी का शताब्दी वर्ष मनाएगा। ये 25 साल देश के लिए बेहद महत्वपूर्ण होंगे। इन 25 सालों में देश हर क्षेत्र में आगे बढ़ने वाला है, जिसमें युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होने वाली है। उन्होंने कहा आने वाले 25 साल अमृतकाल के रूप में हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं हमने उत्तराखण्ड के लिए संकल्प लिया है कि आने वाले दो सालों में हम प्रदेश को टीबी मुक्त करेंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि 2025 तक उत्तराखण्ड को नशा मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है। नशा से मुक्ति के लिए सबको दृढ़ संकल्प लेना होगा और अन्य लोगों को भी नशा मुक्ति के प्रति जागरूक करना होगा। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष दीप पाठक, भाजपा प्रदेश मंत्री सुश्री हेमा जोशी, नगर पंचायत अध्यक्ष बनबसा सुश्री रेनू अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा, मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत, अपर जिलाधिकारी हेमंत कुमार वर्मा समेत विभिन्न विभागीय अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## फूलों की घाटी हुई बंद



**चमोली।** विश्व धरोहर फूलों की घाटी सोमवार को दोपहर 12 बजे पर्यटकों के दीदार के लिए बंद कर दी गई है। अब घाटी पर्यटकों के लिए आगामी वर्ष एक जून को खुलेगी। रैंज अधिकारी गौरव नेगी ने बताया कि घाटी को बंद करने के दिन एक भी पर्यटक घाटी के दीदार को नही पहुंचा क्योंकि पिछले कुछ दिनों से घाटी में काफी ठंड बढ़ गई है। मुख्य फूलों के मुरझाने के कारण 27 अक्तूबर से घाटी में एक भी पर्यटक नहीं पहुंचा।

# सर्वे ऑफ इंडिया में अधिकारियों और कर्मचारियों ने लगाई एकता दौड़



देहरादून। सर्वे ऑफ इंडिया के ज्योडीय एवं अनुसंधान शाखा कार्यालय सर्वे चौक में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनायी गयी। इस अवसर पर सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। राष्ट्र की सुरक्षा, एकता अखंडता को मजबूत करने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों ने शपथ ली। राष्ट्र निर्माण और एकीकरण में सरदार पटेल की भूमिका की चर्चा की गयी। अधिकारियों और कर्मचारियों ने एकता दौड़ भी लगायी। सस्थान में आज से ही राष्ट्रीय सतर्कता जागरूकता सप्ताह भी आरंभ हो रहा है। इस अवसर पर अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रभारी अधिकारी मुख्यालय और अधीक्षक सर्वेक्षक मनबर सिंह द्वारा सत्यनिष्ठा की शपथ दिलायी गयी।

## बहुउद्देशीय शिविर 2 को ल्वारा में

जयन्त प्रतिनिधि।

रूद्रप्रयाग : जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने समाज कल्याण विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने के लिए विकास खंडवार बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किए जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि आयोजित किए जाने वाले शिविरों में आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं, ताकि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से पात्र लाभार्थी लाभान्वित हो सकें। जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार 2 नवंबर को विकासखंड ऊखीमठ के राजकीय इंटरमीडिएट कॉलेज ल्वारा में 10 नवंबर को विकासखंड अगस्त्यमुनि के राजकीय इंटरमीडिएट कॉलेज लदोली में तथा 25 नवंबर को विकासखंड जखोली के राजकीय इंटर कॉलेज घंघासू बांगर में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिलाधिकारी ने समाज कल्याण अधिकारी सहित संबंधित उप जिलाधिकारियों को आवश्यक तैयारियां करने हेतु निर्देश दिए हैं।

# देश की अखंडता, एकता को बनाए रखना सभी का कर्त्तव्य : डीएम

जयन्त प्रतिनिधि।



रूद्रप्रयाग : लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में जनपद भर में मनाया गया। इस अवसर पर सभी शासकीय कार्यालयों, शिक्षण संस्थाओं एवं उपक्रमों में राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ लेने के साथ ही रन फॉर यूनिटी का अयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कलेक्ट्रेट पसिर में अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि यह शपथ देश की एकता की भावनाओं को जाग्रत करती है।

जिलाधिकारी ने कहा कि हमें सरदार पटेल के आदर्शों से प्रेरणा लेकर देश के सर्वांगीण विकास के लिए अपना योगदान देना होगा। देश की अखंडता, एकता को बनाए रखना सभी का कर्त्तव्य है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी व कर्मचारी अपने दायित्वों को निष्ठापूर्ण निभाएं। इस दौरान जिलाधिकारी ने मुख्यालय परिसर का निरीक्षण करते हुए सभी अधिकारियों को अपने आस-पास सफाई रखने की हिदायत दी। साथ ही मुख्यालय पहुंचे फरियादियों से समस्याएं सुनते हुए उचित कार्यवाही के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर रन फॉर यूनिटी अभियान के तहत जिला स्तरीय अधिकारियों ने विकास भवन से जिला कार्यालय परिसर तक दौड़ लगाई। मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ का शुभारंभ किया।

# डीएम ने किया ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण



ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण करते हुए डीएम हिमांशु खुराना।

जयन्त प्रतिनिधि।चमोली : जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना ने सोमवार को विकास भवन के निकट स्थित ईवीएम वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ईवीएम व वीवीपैट मशीन डबल लॉक में सुरक्षित पाई गई। इस दौरान जिला मजिस्ट्रेट ने वेयर हाउस में अग्निशमन सिलेंडर, सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम इत्यादि का जायजा लेते हुए सुरक्षा के मध्येनजर जरूरी दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी अभिषेक त्रिपाठी, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी देवेन्द्र सिंह अधिकारी, एई आरडब्लूडी अला दिया आदि मौजूद थे।

## जर्जर झूला पुल की सुध नहीं ले रही सरकार, लोगों में आक्रोश

नई टिहरी : देवप्रयाग में टिहरी पौड़ी जिले को जोड़ने वाले अलकनंदा झूला पुल के जर्जर होने के बाद भी सरकार इसकी सुध नहीं ले रही है। इसको लेकर लोनिवि की ओर से बीते मार्च में पैदल आवाजाही को लेकर चेतावनी बोर्ड भी लगा दिया गया था। नगर पालिका देवप्रयाग के अंतर्गत आने वाले अलकनंदा झूला पुल से प्रतिदिन छः सौ से अधिक स्कूली छात्र-छात्राओं का आवागमन होता है। साथ ही पौडी जिले के करीब 35 गांवों के लोगों की आवाजाही होती है। पुल निर्माण को लेकर नगरवासी लगातार आंदोलनरत है। बीते 4 जुलाई को तहसील दिवस में डीएम टिहरी के सामने यह मुद्दा रखा गया था।

# डीजीपी ने दिलाई राष्ट्रीय एकता की शपथ



देहरादून। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर डीजीपी अशोक कुमार ने पीएचक्यू में उपस्थित पुलिस बल को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। डीजीपी ने इस मौके पर कहा कि सरदार पटेल की देश के एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनकी दूरदर्शिता और कड़े निर्णयों से ही देश की एकता और अखण्डता सम्भव हुई है। पुलिस और हमारे केंद्रीय सशस्त्र बलों का देश की आंतरिक सुरक्षा को बनाए रखने में बहुत बड़ा योगदान है। इस अवसर पर गृह मंत्रालय भारत सरकार से वर्ष 2018-20 के उत्कृष्ट जांच के लिये केन्द्रीय गृह मंत्री के पदक हेतु उत्तराखण्ड पुलिस के घोषित अधिकारियों कर्मचारियों को पदक दिए गए। इस अवसर पर अपर पुलिस महानिदेशक प्रशासन अभिनव कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक दूरसंचार अमित सिन्हा, अपर पुलिस महानिदेशक अपराध एवं कानून व्यवस्था वी मुरूगेशन, पुलिस महानिरीक्षक, अभिसूचना एवं सुरक्षा एपी अंशुमान, पुलिस महानिरीक्षक प्रशिक्षण पूरन सिंह रावत शामिल रहे।

## एक नजर

### ओएनजीसी ऑफिसर्स वाइफ एसोसिएशन ने मनाई दिवाली

देहरादून। सीनियर सिटीजन क्लब एक्स ओएनजीसी ऑफिसर्स वाइफ एसोसिएशन-स्वयंसिद्धा (एसओडब्ल्यूए) ने कौलागढ़ रोड स्थित ओएनजीसी के ऑफिसर्स क्लब में दिवाली का त्यौहार धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत लक्ष्मी मां की वन्दना और दीप प्रज्वलन से हुई। क्लब की दोनों अध्यक्ष रूकसाना हुसैन और मंजू चौधरी ने सभी सदस्यों को दिवाली की बधाई दी। गीत जोत से जोत जलाते चलो.. रेणु, मधुमिता, मीनाक्षी भटनागर, राखी, विनीता, जनक और सलमा ने गाया। देव दिवाली नृत्य नाटिका में गणेश-अनुभा, शिव-रीटा, पार्वती-राजो, सीता -प्रतिमा, राम-रेणु, कृष्ण-राखी, राधा-संगीता, अप्सरा-अमिता और नमिता ने किरदार निभाया। पृथ्वी की दिवाली में स्वीटी कलेर, रूकसाना हुसैन, मंजु चौधरी, मीनाक्षी भटनागर, तनु, अनिता, सुषमा, प्रभा, प्राची ने दीया नृत्य किया। सभी को तमबोला व अन्य फन गेम खिलाए गए। सभी को उपहार बांटे गए। संचालन सचिव स्वीटी कलेर और मीनाक्षी भटनागर ने किया।

### नीट यूजी स्टेट काउंसलिंग के पहले चरण में मिलेगी फ्री एक्जिट की सुविधा

देहरादून। नीट पीजी में फ्री एक्जिट की सुविधा नहीं होने से नीट-यूजी के अभ्यर्थी भी गफलत में थे। उनकी शंका को दूर कर एचएनबी मेडिकल विवि ने सूचना जारी कर दी है। इसमें कहा गया है कि नीट यूजी स्टेट काउंसलिंग के प्रथम चरण में अभ्यर्थियों को फ्री एग्जिट की सुविधा मिलेगी। दो नवंबर को सीट आवंटित की जाएगी। जबकि छह नवंबर तक पहले चरण में अभ्यर्थी दाखिला ले सकेंगे। दरअसल, नीट काउंसलिंग में पंजीकरण कराने वाले छात्रों से सिक्योरिटी मनी जमा कराई जाती है। प्रथम राउंड में छात्रों को फ्री एग्जिट की सुविधा दी जाती है। यानी पहले चरण में सीट आवंटित होने के बाद दाखिला लेकर या दाखिले से पहले सीट छोड़ने पर सिक्योरिटी मनी लौटाने का नियम है। पीजी की काउंसलिंग देर से शुरू होने के कारण प्रथम चरण नहीं हुआ था।

# कांग्रेस ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल को दी श्रद्धांजलि



देहरादून। सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर कांग्रेस ने प्रदेश कार्यालय में उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, पूर्व मंत्री हीरा सिंह बिष्ट, महानगर अध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह गोगी, प्रवक्ता गरिमा दसौनी आदि ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए। माहरा ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती 31 अक्तूबर को मनाई जा रही है। सरदार पटेल आजाद भारत के पहले उप प्रधानमंत्री थे। देश की आजादी में सरदार पटेल ने अभूतपूर्व योगदान दिया।

## उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर छठ महापर्व का समापन

विकासनगर। उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही आस्था के महापर्व छठ का समापन हो गया। गंगभेवा बावड़ी और आसन नदी किनारे उगते सूर्य को अर्घ्य देते समय छठ की छटा देखते बन रही थी, ऐसा प्रतीत हो रहा था मानों खुद भगवान भास्कर साक्षात हों। गंगभेवा बावड़ी समेत पूरे सेलाकुई में आसन नदी किनारे छठ की धूम रही। सोमवार सुबह 6:30 बजे हजारों लोगों ने सूर्य को अर्घ्य दिया और पवित्र जल में आस्था की डुबकी लगाई। अर्घ्य देकर सूर्योपासना के बाद छठ कर रहे लोगों ने प्रसाद वितरण किया। उसके बाद छठव्रतियों ने पारण कर व्रत खोला।

# धूमधाम से मनाया जाएगा ऋषिकेश निकाय का शताब्दी वर्ष समारोह



ऋषिकेश। ऋषिकेश नगर निकाय के नौ नवंबर को अस्तित्व में आए सौ वर्ष पूरे होंगे। नगर निगम प्रशासन शताब्दी वर्ष समारोह को धूमधाम से मनाएगा। इस दिन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ खेलकूद प्रतियोगिताएं होंगी। समूचे शहर को दुल्हन की तरह सजाया जाएगा।

सोमवार को ऋषिकेश नगर निगम के नगर आयुक्त राहुल कुमार गोयल ने शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों को भव्य बनाने के लिए अधीनस्थों की बैठक ली और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गोयल ने बताया कि शताब्दी वर्ष की पूर्व संध्या पर शहर के प्रत्येक ऐतिहासिक स्मारक, चौक, तिराहों को रंगबिरंगी लड़ियों से सजाया जाएगा। यही नहीं शताब्दी वर्ष को एतिहासिक बनाने के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ खेलकूद प्रतियोगिताएं होंगी, इनमें नगर क्षेत्र के सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों के बच्चे प्रतिभाग करेंगे। नगर आयुक्त ने बताया कि बैठक में शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम से जुड़ी तैयारियों पर चर्चा की गई। अधीनस्थों को 9 नवंबर से पहले सभी तैयारियां पूरी करने के लिए निर्देशित किया गया है।

# पार्किंग शुल्क को लेकर महिलाओं ने किया हंगामा

ऋषिकेश। तीर्थनगरी ऋषिकेश के सरकारी अस्पताल में दुपहिया वाहन के पार्किंग शुल्क को लेकर महिलाओं ने हंगामा किया। पार्किंग शुल्क को अवैध करार देते हुए आक्रोशित महिलाओं की पार्किंग कर्मियों से धक्का-मुक्की तक हो गई। हंगामा बढ़ते देख मौके पर मौजूद लोगों ने हस्तक्षेप कर बड़ी मुश्किल महिलाओं को शांत कराया। जानकारी के मुताबिक सोमवार दोपहर करीब 12 बजे स्कूटर से एक महिला एक अन्य महिला मरीज को लेकर सरकारी अस्पताल पहुंची। अस्पताल परिसर में जैसे ही उन्होंने स्कूटर खड़ा किया, तभी उनके पास आए पार्किंग कर्मी ने निर्धारित पार्किंग शुल्क देने को कहा। पार्किंग शुल्क के लिए टोकना महिलाओं को नागवारा गुजरा और उन्होंने पार्किंग शुल्क को लेकर हंगामा कर दिया। शोर सुनकर एक दो महिलाएं और पहुंची। उन्होंने भी पार्किंग शुल्क का विरोध किया। आक्रोशित महिलाओं का कहना था कि मरीज को साथ लेकर आने वाले लोगों से पार्किंग शुल्क नहीं लेना चाहिए। आरोप है कि आक्रोशित एक महिला ने पार्किंग कर्मी से धक्का मुक्की करते हुए रसीद बुक छीनने का भी प्रयास किया। हंगामा बढ़ने पर आसपास मौजूद लोगों ने हस्तक्षेप कर गुस्साई महिलाओं को किसी तरह शांत कराया।

## यूथ क्लब को हराकर जवाहर क्लब बना वॉलीबाल विजेता

ऋषिकेश। यूथ क्लब जौलीग्रांट की ओर से आयोजित एक दिवसीय वॉलीबाल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। प्रतियोगिता के फाइनल में जवाहर क्लब ने यूथ क्लब को 25-23, 32-30 से हराया।

सोमवार को यूथ क्लब जौलीग्रांट ने एक दिवसीय वॉलीबाल प्रतियोगिता आयोजित की। प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मुकाबला जवाहर क्लब और बलूनी क्लब के बीच हुआ। इसमें जवाहर क्लब ने बलूनी क्लब को 25-20, 25-23 से हराया और फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल में यूथ क्लब जौलीग्रांट ने आजाद क्लब थानो को 25-19, 25-21 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। इसके बाद फाइनल मुकाबला जवाहर क्लब और यूथ क्लब जौलीग्रांट के बीच हुआ।

# अपर मुख्य सचिव ने दिलाई संचिवालय अधिकारियों एवं कार्मिकों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ

देहरादून। अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सोमवार को देश के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर सचिवालय के अधिकारियों एवं कार्मिकों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिवालय के समस्त अधिकारियों एवं कार्मिकों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने में स्वयं को समर्पित करने तथा देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में अपना योगदान करने का संकल्प लेने की शपथ दिलाई।



# डीएम अध्यक्षता में हुआ जनसुनवाई कार्यक्रम , 63 शिकायतें प्राप्त

देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में आज ऋषिपर्णा सभागार में प्रत्येक सोमवार को आयोजित किये जाने वाले जनसुनवाई कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने प्रत्येक फरियादियों की समस्या को विस्तापूर्वक सुना। इस मौके पर 63 शिकायतें प्राप्त हुई। शिकायतों में अधिकत्तर शिकायतें भूमि कब्जे, अतिक्रमण से सम्बन्धित प्राप्त हुई। इसके अतिरिक्त समाज कल्याण से पेंशन, बेटी के विवाह के लिए आर्थिक सहायता, शस्त्र लाईसेंस, स्वतंत्रता संग्राम सेननी परिचय पत्र बनाने, नक्शा पास करने, पति द्वारा उत्पीड़न प्रधानमंत्री आवास योजना से मकान दिलाने, नकरोंदा में सीवर प्लांट अन्य स्थान पर शिफ्ट कराने, खनन, रास्ता कब्जाने, कुर्क में बंधक भूमि को मुक्त करने, रिंग रोड पर वैडिंग जाने से अतिक्रमण हटाने, नाली सफाई आदि से सम्बन्धित प्राप्त हुई।

जिलाधिकारी ने समस्त विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त हो रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए समयबद्धता से निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने जनसुनवाई में प्राप्त हो रही ही अतिक्रमण एवं शासकीय भूमि पर कब्जे की शिकायतों को मौका मुआयना कर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही विभागीय अधिकारियों को अपने-अपने विभागों से सम्बन्धत शिकायतों को अपने स्तर पर ही निस्तारण करने को कहा।

जिलाधिकारी ने जनसुनवाई में अतिक्रमण की शिकायतों पर सम्बन्धित उप



जिलाधिकारियों को अतिक्रमण चिन्हित कर हटाने की कार्यवाही करने निर्देश दिए। साथ ही उप जिलाधिकारी सदर को शहर में अतिक्रमण कार्यवाही करने तथा चिन्हित वेडिंग जोन से बाहर लगी दुकानों को नगर निगम को साथ लेकर हटवाने के निर्देश दिए।जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों में शिकायतकर्ता रोहित एवं अन्य ग्रामवासी द्वारा कालीमाटी में ग्राम समाज की भूमि कब्जाने, प्रिया रावत द्वारा होरावाला में भूमि कब्जाने, ग्राम प्रधान कोटी रेखा बहुगुणा द्वारा ग्राम समाज की भूमि कब्जाने, कारगीग्रान्ट निवासी सुन्दर सिंह ने भूमि कब्जो की शिकायत पर कार्यवाही करने रानी प्रवीन सहस्त्रधारा रोड प्रधानमत्री आवास योजना से मकान दिलाने आदि शिकायतकर्ताओं द्वारा शिकायत/समस्या रखी।जनसुनवाई कार्यक्रम शुरू होने से पहले जिलाधिकारी सोनिका द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर कलेक्टेज्ट परिसर में उपस्थित समस्त अधिकारी एवं कार्मिकों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ. एस के बरनवाल, अपर जिलाधिकारी वि/रा के.के मिश्रा, सहायक नगर आयुक्त नगर निगम जगदीश लाल, उपजिलाधिकारी सदर नरेश चन्द्र दुर्गापाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज कुमार उप्रेती, जिला पंचायतीराज अधिकारी एम.एम खान, जिला पूर्ति अधिकारी विपिन कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास अखिलेश मिश्रा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी विद्याधर कापड़ी, अधिशासी अभियन्ता एमडीडीए अजय माथुर, सहित जल संस्थान, लोनिवि, सिंचाई, विद्युत, पेयजल निगम, समाज कल्याण, एमडीडीए सहित संबंधित समस्त विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# इंदिरा गांधी व पटेल को किया याद

## कांग्रेस की ओर से आयोजित किया गया कार्यक्रम



कोटद्वार में इंदिरा गांधी व सरदार पटेल को श्रद्धंजलि देते कांग्रेस कार्यकर्ता ।

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वारः** जिला एवं महानगर कांग्रेस की ओर से देश की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी व लौहा पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल को याद किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलने का भी संकल्प लिया।

पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में देश की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और लौह पुरुष सदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। वक्ताओं ने कहा कि देश के विकास में दोनों हस्तियों के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। देश के विकास में इंदिरा गांधी का विशेष योगदान है। उन्होंने देशभर में कल कारखानों की स्थापना कर हर हाथ को काम दिया। उन्होंने देश को सामरिक दृष्टि और कृषि के क्षेत्र में मजबूत बनाया। उनके विकास कार्यों का लोहा पूरा विश्व मानता है। विश्व ने उन्हें आयरन लेडी की संज्ञा दी। देश के विकास में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। वहीं सरदार वल्लभ भाई पटेल ने ब्रिटिश भारतीय क्षेत्र के साथ–साथ रियासतों का एकीकरण किया। भारतीय रियासतों के भारतीय संघ में एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने और रियासतों को भारतीय संघ के साथ जुड़ने के लिये राजी करने हेतु सरदार बल्लभ भाई पटेल को लौह पुरुष के रूप में जाना जाता है।

इस दौरान महानगर अध्यक्ष संजय मित्तल, महावीर सिंह रावत, पूर्व राज्यमंत्री विजय नारायण ठाकुर, साबर सिंह नेगी, रमेश चंद्र खंतवाल, धीरेंद्र सिंह बिष्ट, विजय माहेश्वरी, सुदर्शन सिंह रावत, भारत सिंह, शंकेश्वर प्रसाद और विजेंद्र सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## वाइस ऑफ कोटद्वार का पंजीकरण शुरू

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** संदेश, कला और सांस्कृतिक संस्था की ओर से कोटद्वार की वाइस ऑफ कोटद्वार प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसके लिए पंजीकरण आरंभ हो चुके हैं।

यह जानकारी देते हुए संस्थाध्यक्ष संजय सिंह रावत ने बताया कि प्रतियोगिता में तीन वर्ग रखे गये हैं, जिसमें 5 से 17 व 17 से 49 सहित सीनियर वर्ग में 50 से 80 आयु वर्ग के प्रतियोगी भी भाग ले सकते हैं। पंजीकरण के पश्चात आडिशन लिए जायेंगे और फाइनल दिसंबर में आयोजित होने वाली पुराने गीतों की शाम अनमोल शाम कार्यक्रम के दौरान किया जायेगा।

इस मौके पर शकुंतला बुड़ाकोटी, नरेश नेगी, अजय गौड़, संगीता, मनीक्षी, पार्षद प्रवेंद्र रावत, विजय नेगी, दीपक पंवार, शिव सिंह, गोविंद सिंह आदि मौजूद रहे।

# स्वयं सेवियों ने ली राष्ट्रीय एकता की शपथ

## पब्लिक इंटर कॉलेज सुरखेत में आयोजित किया गया कार्यक्रम



विद्यालय में राष्ट्रीय एकता की शपथ लेते विद्यार्थी।

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वारः** एकेश्वर ब्लाक के पब्लिक इंटर कालेज सुरखेत में छात्र–छात्राओं और रासेयो स्वयंसेवियों ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता की शपथ लेकर एकता दौड़ लगाई। इस दौरान स्वयं सेवियों ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 31 अक्तूबर को स्वतंत्र भारत के राष्ट्रीय एकीकरण निर्माता लौह पुरुष पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी दिन पर देश की प्रथम प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्य तिथि पर कृतज्ञ राष्ट्र उनके बलिदान को याद करता है। राष्ट्रीय एकता की शपथ के बाद जन मानस को एकता का संदेश देने के लिए छात्र–छात्राओं ने एकता दौड़ लगाई। इस मौके पर शिक्षक दिनेश सिंह बिष्ट, संजय कुमार, प्रमोद रमोला, डॉ.तपेंद्र बिष्ट, कैलाश रावत, केशव दत्त, सतीश चंद्र शाह, सरोज रावत, प्रेम सिंह रावत, मनवर चौहान, सतेंद्र सिंह, यशपाल रमोला, साक्षी नेगी, करन सिंह, अनीश आदि मौजूद रहे।

## रन फॉर यूनिटी में आशा व राहुल तो भाषण में राखी अव्वल

**श्रीनगर** : भारत रत्न सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती (राष्ट्रीय एकता दिवस) के अवसर पर बिड़ला परिसर से रन फॉर यूनिटी का आयोजित की गई। जिसे प्रति कुलपति प्रो. आरसी भट्ट व अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. एमएस नेगी ने हरी झंडी दिखाई। मौके परडॉ एस.एस बिष्ट ने राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। रन फॉर यूनिटी में विश्वविद्यालय के बीपीएडी, एमपीएड, एनएसएस व एनसीसी के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर विवि में सरदार पटेल के योगदान एवं जीवन पर आधारित पोस्टर प्रदर्शनी, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अथिति कुलसचिव डॉ. अजय कुमार खण्डूड़ी मौजूद रहे। रन फॉर यूनिटी में छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान आशा नौटियाल, द्वितीय स्थान रितिका तथा तृतीय स्थान रेखा ने प्राप्त किया। जबकि छात्र वर्ग में प्रथम स्थान पर राहुल, द्वितीय स्थान, विजय तथा तृतीय स्थान गणेश बहगुणा ने प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर राखी, द्वितीय स्थान पर हिमानी तथा तृतीय स्थान पर पल्लवी रही। आयोजन में डॉ. सुरेंद्र बिष्ट, डा. मुकुल पंत, डॉ. जेपी मेहता, प्रो. दीपक कुमार, डॉ. प्रशांत कंडारी, डॉ. आशुतोष गुप्त, डॉ. लक्ष्मण कण्डारी, डॉ. राकेश नेगी, डॉ. कपिल पंवार, डॉ. किरन वर्मा, डॉ. वरुण बर्त्वाल, डॉ. नरेश राणा, दिनेश रावत, नरेंद्र रोथाण आदि शामिल रहे।

# 26 अक्टूबर को जहर खाने से हुई थी विवाहिता की मौत

## तहरीर के बाद भी मुकदमा नहीं दर्ज करने पर जताया रोष



कोटद्वार में अपर पुलिस अधीक्षक से मिलते मृतिका के स्वजन।

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार।** 26 अक्टूबर को जहर खाने से हुई विवाहिता की मौत के मामले में पांच दिन बाद भी मुकदमा दर्ज नहीं होने पर

### विवाहिता की हत्या का आरोप, जताया रोष

मृतिका की मां व अन्य रिश्तेदारों ने रोष व्यक्त किया है। उन्होंने ससुराल पक्ष पर विवाहिता की हत्या का अरोप लगाते हुए जल्द उनकी गिरफ्तारी की मांग उठाई।

सोमवार को मृतिका की मां व अन्य रिश्तेदारों ने अपर पुलिस अधीक्षक शेखर सुयाल से मुलाकात की। मृतिका की मां प्रतिमा देवी ने बताया कि 12 वर्ष पूर्व उनकी बेटी का विवाह खूनीबड़ निवासी एक युवक से हुआ था। शादी के कुछ वर्ष बाद भी लड़का नहीं होने पर ससुराल पक्ष उनकी बेटी का उत्पीड़न करने लगा। यही नहीं कई बार ससुराल पक्ष ने उनकी बेटी का गर्भपात भी करवाया था। बताया कि 26 अक्टूबर को उनके दामाद ने उन्हें फोन कर बेटी को अपने घर लेजाने को कहा। फोन पर बात करने के दौरान उनकी बेटी के रोने की आवाज भी सुनाई दे रही थी। इसी दिन देर शाम उनके दामाद ने दोबारा फोन किया और बताया कि तुम्हारी बेटी ने जहर खाकर आत्महत्या कर दी है। बताया कि उन्हें शक है कि उनकी बेटी को जबरन जहर देकर मारा गया है। वहीं, एएसपी शेखर सुयाल ने बताया की तहरीर के आधार पर पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## महासम्मेलन 11 नवंबर से

**कोटद्वारः** आर्य समाज की ओर से 11 से 13 नवंबर तक आर्य समाज में प्रांतीय आर्य महासम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान दैनिक यज्ञ, दैनिक प्रवचन और ज्वलंत विषयों पर व्याख्यान्र का आयोजन किया जायेगा।

महासम्मेलन के पहले दिन 11 नवंबर को ध्यान साधना, योगाभ्यास व शोभा यात्रा का आयोजन किया जायेगा। पहले दिन के कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मुख्य अतिथि होंगे। द्वितीय दिवस 12 नवंबर को पतंजलि विवि हरिद्वार के प्रति कुलपति डा. महावीर और तृतीय दिवस पर प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष व स्थानीय विधायक ऋतु खंडूड़ी भूषण मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगी।

## चतुर्थ जिला संस्कृत छात्र क्रीडा प्रतियोगिता 20 से

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : चतुर्थ जिला संस्कृत छात्र क्रीडा प्रतियोगिता संस्कृत महाविद्यालय स्वर्गाश्रम ऋषिकेश में 20 से 22 नवंबर तक होगी। प्रतियोगिता में सामान्य ज्ञान, वालीबॉल, कबड्डी, रस्सा-कसी आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता की मुख्य विशेषता ये है कि सभी शिक्षक स्वयं धनराशि एकत्रित करके स्वयं के संसाधनों से बिना किसी राजकीय सहायता के इस प्रतियोगिता को आयोजित करते हैं। क्रीड़ा समिति के सचिव नवीन जुयाल ने बताया कि इस साल डा. पद्माकर मिश्र संस्कृत उपनिदेशक पौड़ी के नेतृत्व में स्वर्गाश्रम ऋषिकेश में आयोजित होने वाले इस प्रतियोगिता में की जा रही है। बताया कि प्रतियोगिता के तहत छात्रों के बौद्धिक प्रतियोगिता के तहत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, श्री सूक्त स्मरण प्रतियोगिता, अष्टाध्यायी सूत्र स्मरण प्रतियोगिता, वालीबॉल प्रतियोगिता, कबड्डी, रस्सा कस्सी, दौड़, लम्बी कूद, ऊंची कूद, शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

# भाषण प्रतियोगिता में रिया व मुस्कान रहे अव्वल

## ग्रान आर्मी देव भूमि उत्तराखंड संगठन की ओर से आयोजित किया गया कार्यक्रम



भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थी।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** ग्रीन आर्मी देव भूमि उत्तराखंड संगठन की ओर से मेहरबान सिंह कंडारी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में जूनियर और सीनियर वर्ग के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जूनियर वर्ग के लिए भाषण का विषय पर्यावरण के प्रति युवाओं की जिम्मेदारी और सीनियर वर्ग के लिए उत्तराखंड के परिपेक्ष्य में राज्य के बाइस वर्ष और वर्तमान परिस्थिति रखा गया था। इस दौरान प्रतियोगिता में रिया व मुस्कान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता का आरंभ मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय सतपुली डॉ डीएम शर्मा, विशिष्ट अतिथि गौरैया संरक्षक एवं शिक्षक दिनेश कुकरेती व विद्यालय प्रधानाचार्य चंदन सिंह नकोटी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में हेरिटेज एकेडमी की रिया कोटनाला ने पहला, कांवेंट स्कूल की आस्था खंतवाल ने दूसरा और नवयुग पब्लिक स्कूल की अंजलि धस्माना ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में मुस्कान जदली पहले, साक्षी दूसरे और मंदीप रावत तीसरे स्थान पर रहे।

अंत में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। निर्णायक मंडल में शोभा रावत, अरुण परिंदियाल व कुलदीप मैंदोला आदि शिक्षक शामिल रहे। इस दौरान संगठन अध्यक्ष शिवम नेगी, देवाशीष रावत, ईशा बिष्ट, उत्कर्ष नेगी, शुभम सुयाल, शालिनी नेगी, आशीष रावत,अंकित थपलियाल आदि मौजूद रहे।

# जम्मू कश्मीर ने जीता फुटबाल मैच

## कोटद्वार स्टेडियम में आयोजित हिमालयन कप फुटबाल का दूसरा दिन



कोटद्वार में आयोजित फुटबाल प्रतियोगिता में गोल के लिए जूझते खिलाड़ी ।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** कोटद्वार में आयोजित हिमालयन कप फुटबाल के दूसरे दिन जम्बू कश्मीर ने हिमाचल प्रदेश को हराया।

सोमवार को आयोजित फुटबाल मैच के दूसरे दिन का शुभारंभ उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक शेखर सुयाल ने किया। मुख्य अतिथि ने युवाओं को खेल के प्रति जागरूक करते हुए अपने देश व प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। कहा कि विद्यार्थियों को भी पढ़ाई के साथ खेल के क्षेत्र में आगे रहना चाहिए। प्रतियोगिता के दौरान जम्बू कश्मीर ने हिमाचल को 3-0 से हराया। मैच देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। इस मौके पर स्टेडियम प्रभारी संदीप डुकलान, फुटबाल कोच सुनील रावत आदि मौजूद रहे।

## कैवल्य जखमोला जय हो के अध्यक्ष पद के प्रत्याक्षी घोषित

श्रीनगर : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि के बिड़ला परिसर में छात्र संघ चुनाव की तैयारियां तेज हो गई हैं। विवि स्तर से इसके लिए पूर्व में ही चुनाव अधिकारी नियुक्त कर दिए गए हैं। जबकि छात्र संगठनों की ओर से भी तैयारियां जोरों पर हैं। सोमवार को जय हो छात्र संगठन ने अध्यक्ष पद के लिए कैवल्य जखमोला को प्रत्याशी घोषित किया है। संगठन के गढ़वाल संयोजक पुष्पेंद्र पंवार ने यहां एक कार्यक्रम में उनके नाम की घोषणा की। जिस पर छात्रों ने उनका स्वागत कर जीत का दावा भी किया।गढ़वाल मंडल विकास निगम में आयोजित कार्यक्रम में संगठन के गढ़वाल संयोजक पुष्पेंद्र पंवार ने कहा कि कोरोना के दो साल बाद गढ़वाल विवि में इस बार छात्र संघ चुनाव हो रहे हैं। जिसमें जय हो संगठन अपनी पूरी भागीदारी करने जा रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन ने अध्यक्ष पद के लिए कैवल्य जखमोला को प्रत्याशी बनाए जाने पर सहमति व्यक्त की है। इस दौड़ में सुधांशु थपलियाल भी थे, लेकिन उन्होंने भी कैवल्य को अपना समर्थन दिया है। निवर्तमान छात्र संघ अध्यक्ष अंकित रावत ने कहा कि जय हो संगठन सीयूईटी परीक्षा के दौरान छात्रों के सामने आने वाली समस्याओं के निराकरण, बिड़ला परिसर में महिला छात्रावास को इसी साल से शुरू कराए जाने, चौरास स्टेडियम को सभी छात्रों के लिए उपलब्ध कराने, कैंटीन खोले जाने, हॉस्टल की मेंटेनेंस, श्रीनगर परिसर में पुरूष छात्रावास सहित स्पोर्टस मीट कराए जाने आदि मुद्दों को लेकर छात्रों के बीच है। वहीं संगठन से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी जखमोला ने कहा कि संगठन के जो मुद्दे हैं उन सहित छात्रों की अन्य समस्याओं का समाधान कराना उनकी प्राथमिकता में रहेगा। मौके पर शिवाकांत कंडारी , दीपक सजवाण, निशांत प्रताप कंडारी, दिव्यांशु बहुगुणा,आयुष मियां, विपिन रावत, मोहन डोभाल, विकास चौहान आदि मौजूद रहे।

# युवाओं में राष्ट्र भावना जगाने से सुरक्षित होगा देश का भविष्य : चौहान

## रन फॉर यूनिटी में प्रियांशु रावत, आयुषी रावत रहे प्रथम स्थान पर

**जयन्त प्रतिनिधि**

**पौड़ी :** नेहरू युवा केन्द्र पौड़ी एवं जिला क्रीडा विभाग पौड़ी के संयुक्त तत्वाधान में देश के प्रथम गृहमंत्री लौह पुरुष भारत रत्न से सम्मानित सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयन्ती पर इन्डोर स्टेडियम पौड़ी से थीम पार्क होते हुए एजूकेशन कॉम्पलैक्स तक राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। रन फॉर यूनिटी में पुरुष वर्ग में प्रियांशु रावत, सन्तोष कुमार, हिमांशु, रविन्द्र नेगी, अंकित रावत क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ तथा पंचम स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में आयुषी रावत प्रथम, प्राची रावत द्वितीय, वैभवी रावत तृतीय, सानिया चतुर्थ तथा शिवानी नेगी पंचम रही। कार्यक्रम में राष्ट्रीय एकता की शपथ भी ली गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विकास अधिकारी पुष्पेन्द्र चौहान ने कहा कि सभी युवाओं को देश का इतिहास और संविधान से अवगत करवाने की आवश्यकता है, ताकि वे राष्ट्र प्रेम की भावना से ओत प्रोत हो सके। युवाओं में राष्ट्र भावना जगाने से देश का भविष्य सुरक्षित होगा वहीं राष्ट्र की एकता एवं अखण्डता को और अधिक मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। जिला क्रीडा अधिकारी गिरिश कुमार ने सरदार बल्लभ भाई पटेल का स्मरण करते हुए कहा कि सरदार पटेल सामाजिक एवं राजनैतिक नेताओं में से एक थे। उन्होंने पूरे देश को एकसूत्र में बांधा है। जिला सचिव स्काउट गाइड केशर सिंह असवाल ने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि सरदार पटेल के जीवन से युवाओं को प्रेरणा लेकर उसे अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारित करना होगा। नेहरु युवा केन्द्र की लेखा एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक अंजना बिष्ट ने कहा कि राष्ट्रीय एकता सर्वोपरि है। हमें समय-समय पर अपने राष्ट्रीय व अक्षुणता के भाव को प्रकट करते हुए राष्ट्रीय एकता को बनाए रखना चाहिए। इस मौके पर प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी नरेश रावत, चिकित्सा अधिकारी परसुन्डाखाल डॉ0 जितेन्द्र भारती, एनसीसी पौड़ी से वेद प्रकाश डोभाल, सूबेदार दिनेश सिंह, गणेश सिंह, एसएसआई महेश सिंह रावत, जिला सचिव खेल शिक्षा योगम्बर सिंह नेगी, जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे अजय कुमार, एनएसएस स्वयं सेवी वर्षा नेगी, अमित बडर्थवाल, युवराज बिष्ट, केतन चैधरी, शिवानी नेगी, नेहा पंवार आदि उपस्थित रहे।



रन फॉर यूनिटी के विजेता प्रतिभागी को पुरस्कार भेंट करते हुए मुख्य अतिथि।

## पुलिस कर्मियों ने ली राष्ट्रीय एकता की शपथ

**पौड़ी** : राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर पुलिस ने राष्ट्रीय एकता की शपथ ली। पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे के निर्देश में अपर पुलिस अधीक्षक संचार अनूप काला द्वारा पुलिस लाईन, पुलिस कार्यालय, फायर, रेडियों, पुलिस मिनिस्ट्रियल स्टाफ के सभी पुलिस कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। इस दौरान एकता दौड़ को पुलिस कार्यालय से एजेंसी चौक तक रवाना किया गया। इस दौरान पुलिस जवानों द्वारा एकता मार्च करते-करते भारत माता की जय और सरदार बल्लभ भाई पटेल अमर रहे के नारे भी लगाए। वहीं, जिले के सभी थाना प्रभारियों द्वारा इस अवसर पर अपने-अपने थानों पर भी राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई।

# धूमधाम के साथ मनाई बल्लभ भाई पटेल जयंती



बागेश्वर। जिले में सरदार बल्लभ भाई पटेल की 147 जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर पुलिस, पीआरडी, एनसीसी, नेहरू युवा केंद्र, खिलाडियों, स्कूली बच्चों व प्रशासन द्वारा तहसील परिसर बागेश्वर से रैली निकाली। रैली को जिलाधिकारी अनुराधा पाल द्वारा एकता की शपथ दिलाकर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली तहसील से निकलकर एसबीआई तिराहा, दुगबाजार होते हुए नुमाईशखेत तक आयोजित हुई। इससे पूर्व पुलिस द्वारा रन फॉर यूनिटी पुलिस लाइन से आयोजित हुई। उन्होंने कहा भारत 562 रियासतों में बटा था, जिनको एकीकरण का कार्य बल्लभ भाई पटेल द्वारा किया गया। एक भारत–श्रेष्ठ भारत, अनेकता में एकता–भारत की विशेषता, धर्म जाति के अंतर को तोड़ो–हाथ मिलाओं भारत को जोडों जैसे नारे लगाकर रैली निकाली गई। रैली मे उपजिलाधिकारी हरगिरि, एनएसीसी कर्नल वीके उप्रेती, मुख्य शिक्षा अधिकारी जीएस सौन, पुलिस उपाधीक्षक एसएस राणा, युवा कल्याण अधिकारी अर्जुन सिंह रावत, खेल अधिकारी सीएस वर्मा, दीप जोशी सहित पुलिस जवान, एनसीसी, एनवाईके, खिलाड़ी व स्कूली बच्चों ने प्रतिभाग किया।

## उत्तराखंड ने सिक्किम को किया परास्त

चम्पावत। टनकपुर स्टेडियम में चल रहे हिमालयी राज्यों के फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन उत्तराखंड की टीम का दबदबा रहा। यहां एक गोल से उत्तराखंड की टीम ने सिक्किम को पराजित किया। प्रतियोगिता में हिमालयी राज्यों की कुल 12 टीमें हिस्सा ले रही हैं। सोमवार को टनकपुर स्टेडियम में हिमालयन कप फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन उत्तराखंड और सिक्किम के बीच मुकाबला खेला गया। मैच के शुरुआत से ही दोनों टीमों ने आक्रमक खेल का प्रदर्शन किया। लेकिन कोई भी टीम पहले हॉफ तक गोल करने में कामयाब नहीं हो सकी। दूसरे हाफ के नौवें मिनट में उत्तराखंड की टीम के ऋचि उपाध्याय ने पेनाल्टी बॉक्स से बाहर शानदार फील्ड गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद दोनों टीमों में से कोई भी एक गोल नहीं कर सकी। रेफरी सतवीर सिंह की लंबी सीटी बजने के साथ ही उत्तराखंड की टीम ने मैच पर कब्जा जमा लिया। लाइंसमैन तनवीर अहमद और पवनेश पाटनी रहे।




## पिथौरागढ़ में निकाली रैली

पिथौरागढ़ : नेहरु युवा केंद्र की ओर से एकता दिवस पर युवाओं ने एलएसएम महाविद्यालय से शनि मंदिर तक रैली निकाली। जिला युवा अधिकारी योगेश कुमार ने कहा कि युवाओं में देशभक्ति व राष्ट्रीय भावनाओं को मजबूत करने के लिए रैली निकाली गई है। इस दौरान मोहित बिष्ट, मोहित उप्रेती, मुकेश चुफाल, तमन्ना कोठारी, घनश्याम मौजूद रहे। (एजेन्सी)

## लौह पुरुष पटेल व इंदिरा गांधी के पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया

पिथौरागढ़ : कांग्रेस ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि व लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जंयती पर उन्हें याद किया। कार्यकर्ताओं ने दोनों नेताओं की उपलब्धियों को याद कर उनके पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लिया।सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय में लौह पुरुष सरदार पटेल की जयंती तथा पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष त्रिलोक सिंह महर ने कहा कि इंदिरा गांधी ने देश को विश्व पटल में एक नई पहचान दिलाई। वीरता का उदाहरण पेश करते हुए पाकिस्तान को दो टुकड़ों में बांट कर पूरे विश्व में भारत की ताकत दिखाई। कार्यकर्ताओं ने कहा सरदार वल्लभ भाई पटेल देश के गृह मंत्री रहे जिन्होंने देश को अखंड भारत बनाने में अहम योगदान दिया। उन्होंने कहा दोनों नेताओं की उपलब्धियों को हमेशा याद किया जाएगा। इस दौरान यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव ऋषेंद्र महर, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री महेंद्र लुंठी, खीमराज जोशी, प्रदीप महर, ऋषभ कल्पासी, नयन बोहरा, शेर राम, शंकर खड़ायत, बहादुर सामंत, प्रकाश भट्ट, रोहन सौन, कार्तिक खर्कवाल, शंकर लाल, लक्ष्मण प्रसाद मौजूद रहे।सरदार बल्लभ भाई पटेल का जन्मदिवस केंद्रीय विद्यालय में एकता दिवस के रूप में मनाया। प्राचार्य कमला निखुर्पा, शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इस दौरान अशोक कुमार ओझा, अनिल बिष्ट, मनोज क्वीरियाल, शैलेष गुप्त, संजय कोठियाल, मनोज खाती, नीरज बनकोटी, जगदीश पांडेय, सुशील चंद्र, प्रबोध शुक्ल, विजय जोशी, ज्योति भंडारी, जीवन कुमार, नीरज सामंत मौजूद रहे। (एजेन्सी)

## नगर आयुक्त ने किया बैंक समेत चार का चालान

काशीपुर : नगर निगम की टीम ने सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए एक बैंक समेत चार प्रतिष्ठानों का चालान किया। वहीं, नगर आयुक्त ने उन्हें कूड़ा न जलाने को हिदायत दी। सोमवार को नगर आयुक्त विवेक राय ने बाजपुर रोड़, चैती मोड़ और रामनगर रोड पर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान चार स्थानों पर खुले में कूड़ा जलता पाया गया। इस पर नगर आयुक्त ने चालानी कार्रवाई की। सूचना पर नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रामनगर रोड स्थित एचडीएफसी बैंक की एक शाखा का एक हजार रुपये का चालान किया। साथ ही बाजपुर रोड पर शाही पंजाब ढोल, अजहरी स्टील वर्क्स और चैती चौराहा स्थित श्री राम कांप्लेक्स का कूड़ा जलाने पर सौ–सौ रुपये का चालान किया। (एजेन्सी)

## श्रीनाग महोत्सव कलश यात्रा के साथ शुरू, लोक कलाकारों ने संस्कृति के रंग बिखेरे



पिथौरागढ़ : श्रीनाग महोत्सव का रंगारंग आगाज हो गया है। इस दौरान महिलाओं व स्कूली बच्चों ने पांरपरिक वेषभूषा में नाग मंदिर तक कलश यात्रा निकाली, जिसमें काफी तादाद में क्षेत्र के लोग शामिल रहे। महोत्सव में स्कूली बच्चों व लोक कलाकारों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश कर संस्कृति के रंग बिखेरे, जिसका आनंद लेने दर्शकों की भीड़ जुटी रही।

जीआईसी मैदान में आयोजित चार दिवसीय श्रीनाग महोत्सव का शुभारंभ जिपं अध्यक्ष दीपिका चुफाल ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा महोत्सव हमारी संस्कृति और लोक परंपराओं की पहचान हैं। इन्हें सहेजने के लिए सभी को गंभीरता से प्रयास करने होंगे। युवा पीढ़ी को महोत्सवों से हमारी संस्कृति के बारे में जानकारी मिलती है। उन्होंने महोत्सव को भव्य रूप में मनाने के लिए हरसंभव मदद का भरोसा दिया। महोत्सव के शुभारंभ पर महिलाओं ने ढोल–नगाड़ों के साथ पारंपरिक वेषभूषा में नाग मंदिर तक कलश यात्रा निकाली। ढोल–नगाड़ों की आवाज से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। वहीं स्कूली बच्चों ने नगर में लखिया, शिव–पार्वती की मनमोहक झांकी निकाली। इसके बाद लोक कलाकारों ने विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए जिसका आनंद लेने दर्शकों की खासी भीड़ जुटी रही। कलाकारों ने एक से बढ़कर एक कुमाउंनी गीतों की प्रस्तुति दी, जिनकी धुन पर दर्शक जमकर थिरके। देर रात तक कार्यक्रमों का दौर चलता रहा। महोत्सव समिति के अध्यक्ष राजीव शर्मा ने अतिथियों का स्वागत कर कलाकारों का आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन गोविंद भंडारी और नानू बिष्ट ने किया।

श्रीनाग महोत्सव में द आर्यन्स एकेडमी, साधना पब्लिक स्कूल, महर्षि विद्या मंदिर, लिटिल एंजल, गुरुकुल पब्लिक स्कूल, साधना इंटर कालेज, अटल आदर्श इंटर के बच्चों ने विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। कुमाउंनी गीतों पर बच्चों ने मनमोहक नृत्य किया। दर्शकों ने तालियों के साथ बच्चों का उत्साह बढ़ाया। आर्यन्स एकेडमी के बच्चों की नंदा राजजात यात्रा महोत्सव का मुख्य आकर्षण रही। यात्रा के दौरान बच्चों ने मां नंदा के जयकारे लगाए। जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक दलबहादुर सिंह बाफिला, नगर पंचायत अध्यक्ष हेम पंत, व्यापार संघ अध्यक्ष राजेश रावत, जिपं सदस्य नंदन बाफिला, दिवाकर रावल, विक्रम धानिक, जीवन धानिक, गोविंद भंडारी, दीपक कालाकोटी, दीपक रौतेला, आशा भैसोड़ा, कमलेश पंत, दीपक बोरा, शैलेश मेहता आदि मौजूद रहे। (एजेन्सी)

# कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ : तिवारी



अल्मोड़ा : विधायक मनोज तिवारी ने रविवार को राजपुरा के धूनी मंदिर में बैठक कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं से संवाद किया। संगठन की मजबूती पर विस्तार से चर्चा की। विधायक ने कार्यकर्ताओं को संगठन की रीढ़ बताया। कहा हम सभी को मजबूती के साथ एकजुट होकर संगठन के लिए काम करना होगा। यहां पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, नगर अध्यक्ष पूरन सिंह रौतेला, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री एके सिकंदर पंवार, सभासद सचिन आर्या, कांग्रेस प्रदेश सचिव परितोष जोशी, आदि मौजूद रहे। (एजेन्सी)

## प्लास्टिक सहित ठोस अपशिष्ट को नष्ट किया

अल्मोड़ा : कुमाऊंकमिश्नर दीपक रावत के निर्देश पर राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों किनारों पर प्लास्टिक एवं अन्य ठोस अपशिष्ट निवारण अभियान के तहत सोमवार को बाड़ेछीना में सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग अल्मोड़ा पिथौरागढ़ के बाडेछीना पांडेतोली में सड़क के दोनों किनारों में प्लास्टिक एवं अन्य ठोस अपशिष्ट को मिशन मोड पर समाप्त किया गया। सफाई अभियान में नवीन सनवाल, पूर्व ग्राम प्रधान कुमोली और कमल भट्ट क्रिकेट कोच बाड़ेछीना, प्रमोद भट्ट, पंकज पैनवाल, दिनेश सुप्याल, मनीष बनौला, शंकर सुप्याल, शिवराज सिंह, प्रकाश भट्ट, खिलानंद ने सहयोग प्रदान किया। एडीओ पंचायत कृपाल सिंह बिष्ट, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी बसंत पंत के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया गया। (एजेन्सी)



## एससी–एसटी इंप्लाइज फेडरेशन की बैठक आयोजित

बागेश्वर। एससी–एसटी इंप्लाइज फेडरेशन की बैठक आयोजित हुई। जिसमें देहरादून में होने वाले अधिविशेन पर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष दीनदयाल टम्टा ने की। जिलाध्यक्ष डॉ. संजय कुमारटम्टा का स्थानांतरण होने पर दीनदयाल टम्टा को कार्यकारी अध्यक्ष घोषित किया गया। उन्होंने कहा कि आगामी 11 और 12 नवंबर को देहरादून में प्रांतीय अधिवेशन है। जिसमें जिले से भी बढ़चढ़कर हिस्सा लिया जाएगा। जिले में सदस्य बनाने का लक्ष्य पूरा करने पर सहमति बनी। इस दौरान महामंत्री हरिप्रसाद, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार, नवीन त्रिकोटी, हरीश आगरी, विवेकानंद टम्टा, गोविंद प्रसाद, रमेश राम, ललित मोहन आदि उपस्थित थे।

## पुलिस बाल अधिकारों के लिए संवेदनशील रहे : भट्ट

पिथौरागढ़ : जिला बाल कल्याण समिति ने बाल मित्र पुलिस थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस कर्मियों को बाल अधिकारों के प्रति संवेदनशील रहने के निर्देश दिए। सोमवार को सीडब्लूसी की अध्यक्ष लक्ष्मी भट्ट नगर के कोतवाली स्थित बाल थाने पहुंची। इस दौरान उन्होंने बाल थाने का निरीक्षण कर बाल अपचारियों से संबंधित पत्रावलियां और थाने पर उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं को देखा। उन्होंने बाल मित्र थाने में अब तक दर्ज प्रकरणों पर भी शीघ्र कार्रवाई को कहा है। उन्होंने थाने में चाइल्ड हेल्प लाइन, पैरा लीगल वालंटियर, चाइल्ड काउंसलर्स की सूची भी चस्पा करने के निर्देश दिए। (एजेन्सी)



## बगैर लाइसैंस के मीट व मुर्गा बेच रहे 19 दुकानें सील

बागेश्वर। गरुड़ नगर पंचायत गरुड़ क्षेत्र के अंतर्गत कई मीट तथा मुर्गे की दुकानें बगैर लाइसेंस के चल रहे हैं। इस पर रोक लगाने की मांग को लेकर शनिवार को विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। सोमवार को गरुड़ बाजार में आक्रोश रैली निकाली। इसके बाद तहसील प्रशासन हरकत में आ गई। उन्होंने छापेमारी कर बगैर लाइसेंस के चल रही 19 मीट तथा मुर्गे की दुकानों को सील कर दिया है। तहसीलदार तितिक्षा जोशी ने बताया कि बगैर लाइसेंस के दुकान चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उधर आक्रोश रैली में विहिप के प्रांत सह मंत्री कुंवर सिंह नेगी समेत विहिप प्रखंड अध्यक्ष भगवान सिंह राणा, भूपाल सिंह कुंवर, सुंदर बरोलिया, पंकज नेगी, रवि वर्मा, सुंदर सिंह रावत, मोहन सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे। (एजेन्सी)

## सीएम धामी ने किया स्पोर्ट्स स्टेडियम टनकपुर में द हिमालयन कप फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ



चम्पावत। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्पोर्ट्स स्टेडियम टनकपुर में एमबी एजुकेशनल सोसायटी की ओर से आयोजित द हिमालयन कप फुटबॉल टूर्नामेंट का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि राज्य में खेल का भविष्य उगते सूर्य की तरह है।

इससे पूर्व सीएम ने यहां पौधरोपण किया। सोमवार को दौरे पर पहुंचे सीएम धामी ने कहा कि हिमालयन राज्य एवं अर्धसैनिक बलों के बीच आयोजित इस फुटबॉल प्रतियोगिता से युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से क्षेत्र में जहां एक ओर खेल गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलता है वहीं पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। सीएम ने कहा कि खेल मन में एक सकारात्मक भाव पैदा करता है। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार की ओर से नई खेल नीति बनाई गई है। इसके तहत हर प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि हर ग्राम सभा में ओपन जिम भी खोलने का सरकार ने निर्णय लिया है। सीएम ने कहा कि खेल को बढ़ावा देने के लिए देहरादून में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की घोषणा की है। हिमालयन कप आयोजन समिति के अध्यक्ष और पूर्व राष्ट्रीय फुटबॉलर सुभाष अरोड़ा व देवेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि हिमालयी राज्यों में पर्यावरण संरक्षण व फुटबॉल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पहली बार इस टूर्नामेंट की शुरुआत की जा रही है। टूर्नामेंट का आयोजन दो चरणों में होगा।

**ये 12 राज्यों की टीमें कर रही प्रतिभाग**

टनकपुर। हिमालयन कप फुटबॉल टूर्नामेंट राज्य के तीन जिलों में आयोजित किया जा रहा है। जिसमे चम्पावत जिला भी शामिल है। टूर्नामेंट में उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम एचएम स्पोर्टिंग क्लब, अपुयेमी एफसी नागालैंड, असम राइफल्स, गढ़वाल हीरोज, जम्मू–कश्मीर, खाड़ हिमाचल प्रदेश, गढ़वाल राइफल्स, सीआरपीएफ, कंचनजंगा एफसी और लद्दाख की टीमें भागीदारी कर रही हैं। विजेता टीम को पांच लाख रुपये व ट्रॉफी, उपविजेता को तीन लाख नगद व ट्रॉफी के साथ ही अन्य टीमों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। ये रहे शामिलः कार्यक्रम के दौरान पालिका अध्यक्ष टनकपुर विपिन कुमार, पालिका अध्यक्ष पिथौरागढ़ राजेंद्र रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष दीप पाठक, भाजपा प्रदेश मंत्री हेमा जोशी, सीओ देवेंद्र पींचा, एडीएम हेमंत कुमार वर्मा, सीडीओ आरएस रावत, संयुक्त निदेशक खेल धर्मेंद्र भट्ट समेत अन्य लोग मौजूद रहे। (एजेन्सी)

# रन फॉर यूनिटी में कुनाल, जहीर और रोहित रहे सबसे आगे



हल्द्वानी। सरदार वल्लभ भाई पटेल की 145वीं जयंती व पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर सोमवार को दौड़ समेत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बद्रीपुरा स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में साईकिल रैली और रन फॉर यूनिटी आयोजित की गई। शुभारंभ मुख्य अतिथि केंद्रीय पर्यटन एवं रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने हरी झंडी दिखाकर किया। रन फॉर यूनिटी में कुनाल रावत पहले, जहीर अंसारी दूसरे और रोहित तीसरे स्थान पर रहे। भट्ट ने कहा कि सरदार पटेल ने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के साथ ही देशी रियासतों को भारत में विलय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। राष्ट्रीय एकता दिवस मनाए जाने का उद्देश्य राष्ट्र को एकसूत्र में बांधे रखने का प्रयास है। उन्होंने लक्की ड्रॉ के माध्यम से पुरस्कार बांटे। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, डॉ. अनिल कपूर डब्बू, प्रदीप जनौटी, पूर्व दर्जा मंत्री प्रकाश हबीला, रेनू अधिकारी, भुवन जोशी, दीपक पांडे, लक्ष्मण खाती, प्रकाश रावत, शंकर कोरंगा, सहायक निदेशक खेल सुरेश पांडे, जिला खेल अधिकारी रशिका सिद्दीकी, जिला युवा कल्याण अधिकारी प्रतीक चंद्र जोशी, जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी डीएन कांडपाल आदि मौजूद रहे।

## मृतक आश्रितों की वन दरोगा पदों पर नियुक्ति से वन कर्मियों में रोष

अल्मोड़ा : वन बीट अधिकारी संघ अल्मोड़ा जिला इकाई की बैठक में विभाग में मृतक आश्रितों को वन दरोगा पद पर दी जा रही नियुक्ति का विरोध किया गया। वक्ताओं ने कहा कि विभाग ने अनुकंपा के बजाय पद को अधिकार पद बना दिया है, जिससे पात्र वन बीट अधिकारियों की प्रोन्नति में बाधा पैदा हो रही है।

इस मौके पर नव नियुक्त वन आरक्षियों का स्वागत कर उन्हें संगठन की सदस्यता दिलाई गई। (एजेन्सी)

## सरदार पटेल और पूर्व पीएम इंदिरा गांधी को याद किया

अल्मोड़ा : भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि और भारत रत्न लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पर अल्मोड़ा स्थित कांग्रेस कार्यालय में सोमवार को श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दोनों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। उनके विचारों और आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। इस मौके पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए पार्टी के जिलाध्यक्ष पीतांबर पांडे ने कहा कि इंदिरा गांधी 16 वर्ष तक देश की प्रधानमंत्री रहीं। उनके शासनकाल में कई उतार–चढ़ाव आए। लेकिन 1975 में आपातकाल 1984 में सिख दंगा जैसे कई मुद्दों पर इंदिरा गांधी को भारी विरोध–प्रदर्शन और तीखी आलोचनाएं भी झेलनी पड़ी थी। बावजूद इसके रूसी क्रांति के साल में पैदा हुईं इंदिरा गांधी ने 1971 के युद्ध में विश्व शक्तियों के सामने नहीं झुकने के नीतिगत और समयानुकूल निर्णय क्षमता से पाकिस्तान को परास्त किया और बांग्लादेश को मुक्ति दिलाकर स्वतंत्र भारत को एक नया गौरवपूर्ण क्षण दिलवाया। वहीं नगर अध्यक्ष पूरन सिंह रौतेला ने कहा कि पटेल ने स्वतंत्रता के लिए देश के संघर्ष में अग्रणी भूमिका निभाई और एक एकीकृत, स्वतंत्र राष्ट्र में अपने एकीकरण का मार्गदर्शन किया। (एजेन्सी)

## किसानों को बांटे कृषि यंत्र

पिथौरागढ़ : मूनाकोट विकासखंड में घस्यारी योजना के तहत सहकारिता विभाग ने काश्तकारों को कृषि यंत्र बांटे। सोमवार को सहकारिता विभाग प्रभारी कैलाश उप्रेती के नेतृत्व में मूनाकोट विकासखंड सभागार में कार्यक्रम हुआ। (एजेन्सी)

# डीएम ने किया डब्बल लॉक का निरीक्षण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जनपद के नवनियुक्त जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने सोमवार को जनपद के जिलाधिकारी का प्रभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने जिला कोषागार पौड़ी में जाकर डब्बल लॉक में मौजूद महत्वपूर्ण वित्तीय और भौतिक सामाग्री का निरीक्षण करते हुए प्रभार ग्रहण करने की औपचारिकताएं पूर्ण की।

इस दौरान जिलाधिकारी ने मुख्य कोषागार में दस्तावेजों और पंजिकाओं का बेहतर तरीके से रख-रखाव और श्रेणीकरण करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कोषागार परिसर में स्थित अग्निशमन यंत्रों की गुणवत्ता जांची तथा उपकरण कार्य करने की स्थिति में है या नहीं इसकी जांच चलवाकर की। इस दौरान उन्होंने मुख्य कोषाधिकारी को परिसर में नोटिस बोर्ड के साथ-साथ अहाते में भी व्यापक साफ-सफाई बरतने के निर्देश दिये। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी ईला गिरी, मुख्य कोषाधिकारी गिरीश चन्द्र, कोषाधिकारी आलोक शाह, लेखागार नरेन्द्र सिंह नेगी सहित संबंधित कार्मिक उपस्थित थे।



: जनपद के नवनियुक्त जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान डब्बल लॉक का निरीक्षण करते हुए।

# दूरस्थ क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को बढ़ाने पर करेगें फोकस : डॉ. चौहान

जयन्त प्रतिनिधि।पौड़ी : पौड़ी के नवनियुक्त जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने सोमवार को जिले का कार्यभार ग्रहण कर लिया। वह इससे पूर्व पिथौरागढ़ के डीएम थे। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश, पलायान रोकथाम योजना, पर्यटन और राजस्व संबंधी मामलों के निस्तारण को डीएम ने अपनी प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा कि जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में योजनाओं का लाभ आम लोगों को मिले इस पर काम होगा और वहां मूलभूत सुविधाओं को बढ़ाने पर फोकस करेंगे।जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान द्वारा जनपद के जिलाधिकारी का कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात सभी विभागों के जनपदीय स्तर के अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। उन्होंने अधिकारियों को जनपद को नई दिशा देने, विकास कार्यों को तीव्रगति से संपादित करने और जनकल्याणकारी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करने के दिशा-निर्देश दिये। जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान ने कहा कि पलायन को लेकर जिले में सर्वे करवाया जाएगा और उसी के अनुरूप योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम होगा। बीरोंखाल के सिमड़ी में हुई बारात बस दुर्घटना का संज्ञान लेते हुए डीएम ने कहा कि जिले में एक सर्वे करवाते हुए ऐसी सड़कों और स्थानों को दिखवाया जाएगा जहां सबसे अधिक सड़क दुर्घटनाएं सामने आई हो। शादी-बारात में जाने वाले वाहनों से एक अंडर टेकिंग ली जाएगी कि वह किसी तरह से शराब का सेवन करते हुए वाहनों का संचालन नहीं करेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि पुरानी योजनाओं की भी समीक्षा होगी, यदि वह लाभकारी हुई तो और किन्हीं वजहों से शुरू नहीं हो पाई, तो उन्हें भी शुरू किया जाएगा। जिलाधिकारी कहा कि शहर में हैरिटेज योजना पर पुर्नविचार किया जाएगा। नयार घाटी में शुरू किए गए पैराग्लाडिंग खेलों को शुरू करने की दिशा में भी काम होगा। डीएम ने कहा कि शासन ने राजस्व पुलिस क्षेत्रों को रेगुलर पुलिस में दिए जाने को लेकर प्रस्ताव मांगे है, ऐसे में जिले से रेगुलर पुलिस सौंपे जाने वाले गांवों की सूची भेजी जाएगी।

राजस्व महकमे का जिक्र करते हुए डीएम ने कहा कि जिले में लैंड ट्रांसफर के मामलों के निस्तारण में भी तेजी लाने के निर्देश एसडीएम को दिए गए है। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी ईला गिरी, परियोजना निदेशक डीआरडीए संजीव कुमार रॉय, जिला विकास अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह चौहान, उपजिलाधिकार स्म्रता परमार, अजयबीर सिंह व संदीप कुमार सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# पटल सहायक पटल के कार्यों को लंबित न रखें : डीएम

पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने जिला कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व विभाग के समस्त अधिकारियों और कार्मिकों की बैठक लेते हुए विभिन्न कार्यों के संपादन के संबंध में जरूरी दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने सभी पटल सहायकों को निर्देशित किया कि सभी अपने-अपने पटल के कार्यों को तेजी से पूर्ण करें तथा किसी भी पटल पर कार्य को लंबित नहीं रखेंगे। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों और कार्मिकों को विभिन्न विकास कार्यों, एन्फोर्समेंट, निरीक्षण आख्या इत्यादि कार्यों में तीव्र प्रगति लाने तथा कार्य संपादन में पारदर्शिता, गुणवत्ता और वहनीयता का ध्यान रखने के निर्देश दिये। विशेषकर जनकल्याणकारी योजनाओं, सेवानिवृत कार्मिकों से जुड़े मामलों को लंबित ना रखने, भूमि अधिग्रहण मामलों में तेजी लाने के निर्देश दिये। इसके अलावा उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारी को साफ-सफाई करने तथा भवनों और परिसर में समस्त विद्युत उपकरणों को अनिवार्य रूप से चलायामान हालात में रखने के निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पांडे, अपर जिलाधिकारी ईला गिरी, उपजिलाधिकार स्म्रता परमार, अजयबीर सिंह व संदीप कुमार सहित पटल सहायक उपस्थित थे।



जनपद के नवनियुक्त जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान कलेक्ट्रेट परिसर का निरीक्षण करते हुए।

## नव निर्वाचित अध्यक्ष ने 4 नाली भूमि दान देने की घोषणा की

नई टिहरी : भिलंगना ब्लॉक की बासर पट्टी के हरे कृष्ण गोधाम चानी में गोशाला संचालन एवं गो धन के संरक्षण व संवर्धन के संचालन के लिए कार्यसमिति का गठन किया गया। जिसमें गो भक्त किशन सिंह रावत को अध्यक्ष चुना गया। चंद्रेशनाथ को सचिव, सोहन लाल भट्ट कोषाध्यक्ष, गिरीश नौटियाल और धनपाल नेगी को उपाध्यक्ष चुना गया। जबकि साथ ही ज्वालामुखी मंदिर समिति विनयखाल के अध्यक्ष बचल सिंह रावत को समिति का संरक्षक बनाया गया। नव निर्वाचित अध्यक्ष किशन सिंह रावत ने गोशाला के लिए 4 नाली निजी भूमि दान देने के साथ ही प्रति माह 3100 रु गोधन के लिए चारा उपलब्ध कराने की घोषणा की। जिसका पहला चेक उन्होंने समिति के कोषाध्यक्ष को सौंपा।

# सीएम धामी ने सुनी जनता की समस्याएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देवभूमि कॉलेज ऑफ एजुकेशन बनबसा में आयोजित मुख्य सेवक जनता मिलन कार्यक्रम में प्रतिभाग कर स्थानीय जनता की समस्याएं सुनी।

जनता मिलन कार्यक्रम में लोगों द्वारा विभिन्न समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया। कुछ समस्याएं सड़क निर्माण, जल भराव, पेयजल, स्वरोजगार, सौर ऊर्जा, शौचालय निर्माण आदि की भी समस्याएं रखी।

मुख्यमंत्री ने लोगों की समस्याओं के निस्तारण हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्याओं को ससमय निस्तारण करें, जिससे किसी को भी अनावश्यक परेशानी न हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता की समस्या जिस स्तर की हो उसका समाधान उसी स्तर पर होना चाहिए। बेवजह वह समस्या उच्च स्तर पर न आए। अगर ऐसा होता है तो संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जायेगी। इस दौरान प्रदेश भाजयुमो अध्यक्ष शशांक रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष दीप पाठक, भाजपा प्रदेश मंत्री सुश्री हेमा जोशी, नगर पंचायत अध्यक्ष बनबसा सुश्री रेनू अग्रवाल, उपाध्यक्ष बीसूका संतोष थपलियाल, पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पींचा, मुख्य विकास अधिकारी आरएस रावत अन्य लोग मौजूद रहे।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मुख्य सेवक जनता मिलन कार्यक्रम में जनता की समस्या सुनते हुए।

## धामी सरकार अपराधियों के हाथ की बनी कठपुतली : कांग्रेस

चमोली : प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस ने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाया है। कांग्रेस ने यहां प्रदर्शन करते हुए कहा कि प्रदेश में बेटियों, गरीबों की हत्या हो रही है। लेकिन सरकार मामलों में कड़ी कार्रवाई करती नहीं दिख रही है। लोग धरने पर हैं, प्रदर्शन करने के बावजूद भी सरकार और पुलिस लापरवाह बनी है।

सोमवार को कांग्रेस ने यहां पौड़ी की अंकिता, देवाल की पिंकी हत्याकांड में सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। कांग्रेस दफ्तर सिमली रोड से शुरू हए कांग्रेसियों ने पेट्रोल पंप और मुख्य बाजार तक रैली निकाली। जिसके बाद मुख्य बाजार में हई नुक्कड़ सभा में कहा कि धामी सरकार अपराधियों के हाथ की कठपुतली बनकर रह गई है। इस दौरान कांग्रेसियों ने प्रदेश सरकार का पुतला फूंका। प्रदर्शन करने वालों में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत, युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संदीप चमोली, पीसीसी सदस्य हरिकृष्ण भट्ट और मुकेश नेगी, गौचर नगर अध्यक्ष सुनील पंवार, हरीश सती, ईश्वरी मैखुरी, गौतम मिंगवाल, संजय रावत, पूर्व जिला पंचायत सदस्य बीरेंद्र सिंह मिंगवाल, भगवान कंडवाल आदि मौजूद थे। (एजेन्सी)

## पर्यटकों के लिए बंद हुई फूलों की घाटी

चमोली : विश्व धरोहर फूलों की घाटी सोमवार को दोपहर 12 बजे पर्यटकों के दीदार के लिए बंद कर दी गई है। अब घाटी पर्यटकों के लिए आगामी वर्ष एक जून को खुलेगी। रैंज अधिकारी गौरव नेगी ने बताया कि घाटी को बंद करने के दिन एक भी पर्यटक घाटी के दीदार को नहीं पहुंचा क्योंकि पिछले कुछ दिनों से घाटी में काफी ठंड बढ़ गई है।

# दस वर्ष से पुराने सभी आधार कार्ड होंगे अपडेट

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : केंद्र सरकार के निर्देशन पर यूनिक आईडेंटिफिकेशन एथॉरिटी ऑफ इंडिया (यूआईडीएआई) देशभर में आधार कार्ड अपडेट करवाने को लेकर सशक्त कदम उठा रही रही है। इसी क्रम में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय आधार मॉनीटरिंग समिति की बैठक राज्य स्तरीय यूआईडीएआई अधिकारियों के साथ संपन्न हुई। बैठक में जिले में दस वर्ष से पुराने सभी आधार कार्ड धारकों की पहचान एवं पते का सत्यापन कर अपडेट करने में तेजी लाने के लिए ठोस कदम उठाए जाने पर सहमति बनी। एनआईसी सभागार में सोमवार को आधार समिति की आयोजित बैठक में परियोजना प्रबंधक यूआईडीएआई शिव उनियाल ने बताया कि केंद्र सरकार आधार कार्ड को अपडेट करने के लिए देशभर में अभियान चला रही है। प्रमुख तौर पर दस वर्ष से पुराने आधार कार्डों का पुनः सत्यापन कर पता अपडेट करवाना सरकार की प्राथमिकता है। नवजात शिशु के जन्म पंजीकरण के साथ ही आधार कार्ड बनवाने पर भी केंद्र सरकार का जोर है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर रणनीति तैयार की जा रही है। उन्होंने जिला स्तर पर भी प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग को इसके लिए तैयार रहने को कहा। उनियाल ने कहा कि उक्त दोनों अभियानों को सफल बनाने के लिए जिले में व्यापक प्रचार–प्रसार के साथ ही विशेष शिविर आयोजित किए जाएं। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने यूआईडीएआई टीम को आधार केंद्र स्थापित करने एवं आधार मशीन शिविरों के लिए लाने-ले जाने की प्रक्रिया सरल करने के लिए नियमों को संशोधित करने का सुझाव दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में मशीनें होने के बाद भी तकनीकी समस्याओं एवं लंबी प्रक्रियाओं के चलते मशीनों का संचालन नहीं हो पा रहा है जिससे आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जनपद में आधार केंद्रों की संख्या बढ़ाने एवं संचालित हो रहे आधार केंद्रों पर आने वाली तकनीकी समस्याओं का त्वरित समाधान के लिए ठोस कार्यशैली अपनाने को भी कहा। उन्होंने बताया कि जनपद स्तरीय समिति में महिला कल्याण एवं बाल विकास, शिक्षा, चिकित्सा, दूर संचार, सूचना प्रौद्योगिकी तथा समाज कल्याण विभाग आधार कार्ड बनाए जाने हेतु यूआईडीएआई द्वारा रजिस्टार नियुक्त किए गए हैं। सहायक परियोजना प्रबंधक यूआईडीएआई शुभम त्यागी ने बताया कि बढ़ती उम्र के साथ मानव शरीर में कई बदलाव आते हैं जिस कारण सरकारी योजनाओं एवं बैंक समेत अन्य संस्थाओं का लाभ लेने से लाभार्थी वंचित रह जाते हैं, ऐसे में सरकार द्वारा निर्धारित समय पर बायोमैट्रिक, फोटो सहित अन्य जानकारियां आधार में अपडेट होनी जरूरी हैं। उन्होंने अभियान के तहत 5 एवं 15 साल पूर्ण होने पर अनिवार्य रूप से बायोमैट्रिक अपडेट करने पर जोर दिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी दीपेंद्र सिंह नेगी, उप जिलाधिकारी अर्पणा ढौंडियाल, पुलिस उपाधीक्षक प्रबोध कुमार घिल्डियाल, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक विवेक कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी नागेंद्र बर्त्वाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी शैली प्रजापति, ई. डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अमित रावत सहित ऑनलाइन माध्यम से अन्य अधिकारी भी जुड़े रहे।



जिलाधिकारी मयूर दीक्षित जनपद स्तरीय आधार मॉनीटरिंग समिति की बैठक लेते हुए।

## ग्रामीणों ने दी पुनर्वास कार्यालय में तालाबंदी की चेतावनी

नई टिहरी : पुनर्वास और विस्थापन की मांग को लेकर विभिन्न गांवों के ग्रामीणों ने सोमवार से पुनर्वास कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया है। ग्रामीणों का कहना है कि उनकी मांगें न मानी तो पुनर्वास कार्यालय में तालाबंदी भी की जायेगी।

सोमवार को पुनर्वास कार्यालय के समक्ष उरड, रैलोकोट, नंदगांव, भल्डियाना के ग्रामीणों ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया है। ग्रामीणों ने कहा कि पुनर्वास व विस्थापन को लेकर लगातार देरी की जा रही है। सालों से लोग पुनर्वास व विस्थापन के लिए लगातार मांग कर रहे हैं, लेकिन इस ओर न तो टीएचडीसी ध्यान दे रही है, नहीं पुनर्वास विभाग की ओर ठोस पहल कर रहा है। जिससे ग्रामीणों को तमाम तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों की मांग है कि पुनर्वास व विस्थापन को लेकर ग्रामीणों पर एक ही नीती लागू की जाय।


**कार्यालय नगर पंचायत सतपुली पौड़ी गढ़वाल**

पत्रांक संख्या 189/विज्ञप्ति/2022-23 दिनांक 31 अक्टूबर, 2022

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मा0 उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड नैनीताल में योजित रिट याचिका सं0 93/2022 (पी0आई0एल0) श्री जितेन्द्र यादव बनाम यूनियन आफ इण्डिया व अन्य के सम्बन्ध में मा0 उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड द्वारा पारित आदेश दिनांक 19.10.2022 के अनुपालन में ठोस अपशिष्ट से सम्बन्धित शिकायत हेतु निर्धारित E-Mail ID-solidwaste-complaint@uk.gov.in जन सामान्य हेतु निर्गत की गयी है, जिसमें आमजन द्वारा ठोस अपशिष्ट सम्बन्धित अपनी शिकायत ठोस अपशिष्ट के फोटोग्राफ के साथ शिकायतकर्ता द्वारा अपना नाम/ Contact Details अपलोड की जायेगी।

(सीमा रावत)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत सतपुली


# राज्य स्थापना दिवस समारोह की तैयारियां जोरो पर

## विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं होगी आयोजित, कर्मचारी, लााभार्थी और शहीदों के परिजन होगें सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : 22वें राज्य स्थापना दिवस समारोह की तैयारियां जोरो पर चल रही है। राज्य स्थापना दिवस समारोह का कार्यक्रम खेल मैदान अगस्त्यमुनि में आयोजित किया जायेगा। जिलाधिकारी ने उन्होंने मुख्य शिक्षा अधिकारी राज्य गठन से अब तक राज्य निर्माण के लाभ विषय तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्तराखंड के विकास की संभावनाओं के विषय पर निबंध प्रतियोगिता, खेल एवं युवा कल्याण विभाग को विभिन्न खेल प्रतियोगिता आयोजित कराने को कहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों, योजनाओं के लाभार्थियों, शहीद हुए राज्य आंदोलनकारियों के परिजनों को सम्मानित किया जायेगा। 7 से 10 नवंबर तक जनपद के सभी शासकीय भवनों को एलईडी बल्वों के माध्यम से प्रकाशमान किया जाएगा।सोमवार को जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार में कार्यक्रम निर्धारण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि 9 नवंबर को 22वें राज्य स्थापना दिवस समारोह को मनाए जाने के लिए जिस स्तर पर जो भी तैयारियां एवं व्यवस्थाएं की जानी हैं सभी अधिकारी समय से सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर लें। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी विभागीय अधिकारी अपने-अपने विभागों की संचालित योजनाओं की जानकारी क्षेत्रीय जनता को उपलब्ध कराने के लिए सभी विभागों द्वारा स्टॉल लगाए जाएंगे, जिसके माध्यम से संचालित योजनाओं की जानकारी आम जनमानस को उपलब्ध कराये। जिलाधिकारी ने राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले मंदाकिनी शरदोत्सव एवं कृषि औद्योगि विकास मेले के सफल आयोजन हेतु की जाने वाली तैयारियों एवं व्यवस्थाओं की आवश्यक तैयारियों को लेकर निर्देश दिये। इस अवसर पर विधायक रुद्रप्रयाग भरत सिंह चैधरी, मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार, अपर जिलाधिकारी दीपेंद्र सिंह नेगी, जिला विकास अधिकारी मनविंदर कौर, उप जिलाधिकारी अपर्णा ढौंडियाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचसीएस मार्तोलिया, पुलिस उपाधीक्षक हर्षवर्द्धनी सुमन, मंदाकिनी शरदोत्सव एवं कृषि औद्योगि विकास मेले के महासचिव हर्षवर्धन बेंजवाल, संयोजक विक्रम सिंह नेगी सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## पदाधिकारियों व सदस्यों से मांगा स्पष्टीकरण

रुद्रप्रयाग : मोहन लाल सांस्कृतिक ट्रस्ट सोगना बसुकेदार रुद्रप्रयाग द्वारा ट्रस्ट की बैठकों में लगातार अनुपस्थित होने पर कई पदाधिकारियों व सदस्यों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया।

# रिवर फ्रंट डेवलपमेंट पर फोकस कर निर्माण कार्यों में तेजी लाए : डीएम

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि बद्रीनाथ में पुर्ननिर्माण कार्यो को शीर्ष प्राथमिकता दी जाए। रिवर फ्रंट डेवलपमेंट पर फोकस करते हुए अधिक से अधिक संख्या में मजदूर एवं मशीनरी लगाकर युद्व स्तर पर कार्य करें। ताकि जनवरी में बर्फवारी से पहले रिवर फ्रंट डेवलपमेंट का अधिकांश कार्य पूर्ण हो सके।जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने सोमवार को वर्चुअल माध्यम से बद्रीनाथ मास्टर प्लान और हेमकुंड यात्रा मार्ग पर संचालित अवस्थापना विकास कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि पर्याप्त संख्या में मजदूर एवं मशीनरी लगाते हुए निर्माण कार्यों में तेजी लाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि रिवर फ्रंट साइट से विद्युत लाईन एवं अन्य परिसंपत्तियों को तत्काल शिफ्ट करें। मास्टर प्लान के अन्तर्गत अधिग्रहित भवनों का भी ध्वस्तीकरण किया जाए। ताकि पुर्ननिर्माण कार्यों में कही पर भी रूकावट न आए। इस दौरान वन-वे लूप रोड, बाईपास मोटर मार्ग, लेक फ्रंट डेवलपमेंट, अराइवल प्लाजा एवं अस्पताल विस्तारीकरण कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यदायी संस्थाओं को जरूरी निर्देश दिए गए।हेमकुंड यात्रा मार्ग पर अवस्थापना विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि घांघरिया से ऊपर संचालित कार्यों को प्राथमिकता पर पूरा किया जाए। रेलिंग, स्टोन सेट पेवमेंट, बैंच एवं पार्किंग निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति को देखते हुए जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था लोनिवि को निर्देश दिए कि पर्याप्त संख्या में मजदूर लगाते हुए निर्माण कार्यों में तेजी लाये। यात्रियों की सुविधा के लिए हेमकुंड यात्रा मार्ग पर मोडों का सुधारीकरण, घांघरिया में बाईपास मार्ग, पुलना से घांघरियां तक रेलिंग व स्टोन सेट पेवमेंट, विभिन्न स्थानों पर रैन शैल्टर, यात्री शैड, घोडा पडाव, बैंच, साइनेज, माइल स्टोन तथा पुलना में पार्किंग आदि निर्माण कार्य संचालित है। वीसी के दौरान अपर जिलाधिकारी डा. अभिषेक त्रिपाठी, अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा, एसडीएम कुमकुम जोशी, पीआईयू के अधिशासी अभियंता विपुल सैनी, जिला पर्यटन विकास अधिकारी एसएस राणा, ईई विद्युत अमित सक्सेना सहित निर्माणदायी एवं कार्यदायी संस्थाओं के वरिष्ठ अधिकारी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित थे।


**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0**

**निविदा सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार के अन्तर्गत निम्न वर्णित कार्यों के निष्पादन हेतु अनुभवी, उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रदत्त विद्युत ठेकेदारी 'ए' श्रेणी लाईसेन्स प्राप्त (आयकर, जीएसटी0, ईपीएफ0 व ईएसआई0 में पंजीकृत) एवं पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदाएं दो भागों मे (प्रथम भाग में धरोहर धनराशि तथा द्वितीय भाग में दरें जो कि निविदा खुलने की तिथि से कम से कम 6 माह के लिए वैध हों) दिनांक 17.11.2022 के 13.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है जो कि उसी दिन 15.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से दिनांक 16.11.2022 को 13.00 बजे तक प्रति निविदा के नकद भुगतान करके प्राप्त किए जा सकते हैं। धरोहर धनराशि किसी भी बैंक/डाकघर की एफडीआर/सीडीआर/राष्ट्रीय बचत पत्र के रूप में अधोहस्ताक्षरकर्ता के पक्ष में बंधक होनी चाहिए। बिना धरोहर धनराशि के निविदा भाग दो नहीं खोली जायेगी। यदि निविदा खुलने के दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहता है तो अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता को यह अधिकार है कि वह बिना कारण बताए समस्त अथवा किसी भी निविदा को निरस्त कर सकते हैं।

| निविदा संख्या | निविदा प्रपत्र क्रय राशि (जीएसटी अतिरिक्त) | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (रू0) |
|---|---|---|---|
| 21/2022-23 | रू0 250/- | विद्युत उपखण्ड प्रथम, कोटद्वार के अन्तर्गत जमा मद [illegible] अनुभाग में लाइन शिफ्ट का कार्य। | 15000.00 |
| 22/2022-23 | रू0 250/- | विद्युत उपखण्ड प्रथम, कोटद्वार के अन्तर्गत जमा मद सिगड्डीस्रोत अनुभाग में लाइन शिफ्ट का कार्य। | 13000.00 |
| 23/2022-23 | रू0 250/- | विद्युत उपखण्ड प्रथम, कोटद्वार के अन्तर्गत जमा मद बलभद्रपुर अनुभाग में लाइन शिफ्ट का कार्य। | 10000.00 |
| 24/2022-23 | रू0 250/- | विद्युत उपखण्ड प्रथम, कोटद्वार के अन्तर्गत जमा मद कोटद्वार टाउन अनुभाग में लाइन शिफ्ट का कार्य। | 10000.00 |

पत्रांक : 3416/वि0वि0खं0/टी-6
दिनांक : 31.10.2022

अधिशासी अभियन्ता,
विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार

(CIN) U40109UR2001SGC025867/2358 "विद्युत बिलों के 24x7 आनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें"
"राष्ट्र हित में बिजली बचाएं" (Customer Care Toll Free no. 1800 419 0405)

## सम्पादकीय

# अग्निकांड में छिपे सवाल

अंकिता हत्याकांड से जुड़े सबूतों को लेकर पहले से ही काफी विवाद हो चुका है और अब वंतरा रिजर्ट के एक भाग में बड़ फैक्ट्री में लगी आग ने कुछ और शंकाएं पैदा कर दी है। अंकिता हत्याकांड के बाद रिजर्ट्स के कैंपस में सुरक्षाबलो की तैनाती की गई है और बिना अनुमति के किसी को भी संबंधित क्षेत्र में जाने की इजाजत नहीं है। अब फैक्ट्री में आग लगी तो महिला कर्मचारी की हत्या का प्रकरण एक बार फिर सुर्खियों में आ गया। सामान्य उठने लगे की फैक्ट्री में आग लगी या फिर लगाई गई। मामला पहले से ही हाईप्रोफाइल लोगों से जुड़ा हुआ है तो इसका एक-एक अंश किसी भी तरह से प्रभावित होता है तो उस पर चर्चाएं होना निश्चित है। फैक्ट्री में आग लगना यूं तो शर्ट सर्किट बताया जा रहा है, लेकिन कहीं ना कहीं जिस प्रकार का राजनीति के गलियारों के प्रभाव से जुड़ा अंकिता हत्याकांड का केस प्रोफाइल बना हुआ है उसके आधार पर वंतरा रिजर्ट से जुड़ी कोई भी घटना सामान्य नहीं कही जा सकती। अब प्रथम दृष्टया कारण की बात शर्ट सर्किट से जोड़कर हो रही है तो जिस फैक्ट्री में डेढ़ माह से बिजली कटी हुई हो वहां शर्ट सर्किट होना थोड़ा अचंभित करने जैसा लगता है। कहा जा रहा है कि शार्ट सर्किट बैटरी में हुआ, लेकिन बिजली काटने के बाद बैटरी से जुड़े उपकरणों का संपर्क अलग क्यों नहीं किया गया? अंकिता हत्याकांड के प्रकाश में आने के बाद भी फैक्ट्री के एक हिस्से को आग लगाई गई थी जबकि जेसीबी द्वारा रिसोर्ट के एक हिस्से को क्षतिग्रस्त करने के बाद सबूतों से टे-ड़छाड़ करने के आरोप भी लगने लगे थे। कहीं ऐसा तो नहीं कि इस बार भी सुरक्षाकर्मियों की आंखों में धूल झोंक कर फैक्ट्री को आग की भेंट चढ़ाने का प्रयास किया गया क्योंकि फैक्ट्री के नाम पर बैंक लोन भी लंबित पड़ा हुआ है जबकि प्रकरण सामने आने के बाद फैक्ट्री में पैकेजिंग का कार्य भी बंद है। काफी हद तक कर देने वाला है कि सब वनंतरा रिजर्ट के तीनों आरोपियों पुलकित आर्य, अंकित गुप्ता एवं सौरभ भास्कर पर जिस रोज गैंगस्टर लगाई गई उसी रोज फैक्ट्री में आगजनी की घटना भी प्रकाश में आई। क्या इस हाई प्रोफाइल केस में तमाम सावधानियां बरते जाने के बाद भी सबूतों को ठिकाने लगाने का काम किया जा रहा है? हालांकि एसआईटी पहले ही यह स्पष्ट कर चुकी है कि अंकिता हत्याकांड से संबंधित सभी सबूतों को चाहे वह फरेंसिक हो या इलेक्ट्रनिक पुलिस द्वारा एकत्रित कर लिया गया है। अंकिता प्रकरण से जुड़े वनअंतरा रिजर्ट्स में किसी भी प्रकार की गतिविधि संदेह के दायरे में ही मानी जाएगी और यहां जांच दल एवं प्रशासन को भी यह सुनिश्चित करना होगा कि इस आग के पीटे क्या वाकई कोई तकनीकी कारण थे या फिर कहीं कोई और साजिश का ताना-बाना सुना जा रहा है।

# मिलावटखोरों को फांसी क्यों नहीं?

वेद प्रताप वैदिक

आज की बड़ी खबरों में कई खबरें हैं। जैसे नफरती भाषणों के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय की फटकार, आतंकवाद के खिलाफ प्रधानमंत्री और गृहमंत्री की गुहार और इमरान खान के चुनाव लडने पर पांचवर्षीय प्रतिबंध आदि लेकिन मेरा ध्यान चार खबरों ने सबसे ज्यादा खींचा। वे हैं- नकली प्लेटलेट, नकली जीरा, नकली घी और नकली तेल के बारे में। दिवाली के मौके पर गरीब से गरीब आदमी भी खाने-पीने की चीजें दिल खोलकर खरीदना चाहता है लेकिन जो चीजें बाजार में उसे मिलती हैं, उनमें से कई नकली तो होती ही हैं, वे उसके लिए प्राणलेवा भी सिद्ध हो जाती है।

प्रयागराज के एक निजी अस्पताल में भर्ती मरीज की मौत इसलिए हो गई कि डाक्टरों ने उसकी नसों में प्लाज्मा चढ़ाने की बजाय मौसम्बी का रस चढ़ा दिया। इस नकली प्लाज्मा की कीमत 3 हजार से 5 हजार रु. है। नकली प्लाज्मा ने मरीज की जान ले ली। प्रयागराज की पुलिस ने दस लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। लगभग इसी तरह का काम गोरखपुर में नकली तेल बेचने का, दिल्ली में नकली जीरा खपाने का और कुछ शहरों में नकली घी और दूध भी पकड़ा गया है।

दिवाली के मौके पर पड़े इन छापों से पता चला है कि ये नकली चीजें, असली चीजों के मुकाबले ज्यादा बिकती हैं, क्योंकि उनकी कीमत लगभग आधी होती है और दुकानदारों को मुनाफा भी ज्यादा मिलता है। जो लोग इन चीजों को खरीदते हैं, उन्हें पता ही नहीं चलता है कि वे असली हैं या

**प्रयागराज के एक निजी अस्पताल में भर्ती मरीज की मौत इसलिए हो गई कि डाक्टरों ने उसकी नसों में प्लाज्मा चढ़ाने की बजाय मौसम्बी का रस चढ़ा दिया। इस नकली प्लाज्मा की कीमत 3 हजार से 5 हजार रु.है। नकली प्लाज्मा ने मरीज की जान ले ली। प्रयागराज की पुलिस ने दस लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। लगभग इसी तरह का काम गोरखपुर में नकली तेल बेचने का, दिल्ली में नकली जीरा खपाने का और कुछ शहरों में नकली घी और दूध भी पकड़ा गया है।दिवाली के मौके पर पड़े इन छापों से पता चला है कि ये नकली चीजें, असली चीजों के मुकाबले ज्यादा बिकती हैं, क्योंकि उनकी कीमत लगभग आधी होती है और दुकानदारों को मुनाफा भी ज्यादा मिलता है। जो लोग इन चीजों को खरीदते हैं, उन्हें पता ही नहीं चलता है कि वे असली हैं या नकली हैं, क्योंकि उनके डिब्बे इतने चिकने-चुपड़े होते हैं कि उनके सामने असली चीजों के डिब्बे या पेकेट पानी भरते नजर आते हैं।**

नकली हैं, क्योंकि उनके डिब्बे इतने चिकने-चुपड़े होते हैं कि उनके सामने असली चीजों के डिब्बे या पेकेट पानी भरते नजर आते हैं।

कई नकली चीजें न कोई फायदा करती हैं न नुकसान करती हैं, लेकिन कुछ नकली चीजें उन्हें सेवन करनेवालों की जान ले लेती हैं और कई



चीजें इतने धीरे-धीरे जान का खतरा बन जाती हैं कि उसके उपभोक्ताओं को उसका पता ही नहीं चलता। यह मामूली अपराध नहीं है। यह हत्या से भी भयंकर जुर्म है। यह सामूहिक हत्या है। यह कुकर्म सिर्फ खाने-पीने की चीजों में ही नहीं होता, यह अक्सर दवाइयों में भी बड़ी चालाकी से किया जाता है। इस तरह के मिलावटखोरों को पकडने के लिए सरकार ने अलग विभाग बना रखा है और ऐसे अपराधियों के विरुद्ध कानून के कई प्रावधान भी हैं।

2006 के श्खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के अनुसार ऐसे अपराधियों पर 10 लाख रु. तक जुर्माना और छह माह से लेकर उम्र कैद तक की सजा भी हो सकती है। लेकिन मैं पूछता हूं कि आज तक कितने लोगों को यह कठोरतम दंड मिला है? हमारी सरकारों और अदालतों को अपूर्व सख्ती से पेश आना चाहिए। मेरी राय में यह कठोरतम दंड भी बहुत नरम है। इन सामूहिक हत्या के अपराधियों को सजा-ए-मौत होनी चाहिए। और वह मौत भी ऐसी कि हर भावी अपराधी के वह रोंगटे खड़े कर दे।

ऐसे अपराधियों को तत्काल फांसी पर लटका दिया जाना चाहिए और फांसी का जीवंत प्रसारण सारे टीवी चौनलों पर अनिवार्य रूप से दिखाया जाना चाहिए। नकली खाद्य पदार्थों के का-रखानों के कर्मचारियों और उस माल को बेचनेवाले व्यापारियों को भी कम से कम पांच साल की सजा होनी चाहिए। यह सब लोग हत्या के उस जघन्य अपराध में भागीदार रहे होते हैं। यदि देश में दो-चार मिलावटखोरों को भी फांसी हो जाए तो करोड़ों लोगों की जीवन-रक्षा अपने आप हो

# गुजरात में एक नंवबर को होगी घोषणा ?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को देश के गृह मंत्रियों के चिंतन शिविर को संबोधित करते हुए देश में श्वन नेशन, वन यूनिफर्म का सुझाव दिया। इस तरह के सुझावों की कड़ी में प्रधानमंत्री मोदी का सबसे पहले सुझाव श्वन नेशन, वन इलेक्शन का था। वे कई बार यह बात कह चुके हैं और हर बार चुनाव आयोग कहता है कि वह सारे चुनाव एक साथ कराने को तैयार है। लेकिन हकीकत यह है कि हिमाचल प्रदेश और गुजरात जैसे दो राज्यों का चुनाव भी आयोग एक साथ नहीं करा पाया है। आयोग ने हिमाचल प्रदेश के चुनाव की घोषणा 15 अक्टूबर को की और कहा जा रहा है कि गुजरात विधानसभा चुनाव की घोषणा एक नवंबर को होगी। आयोग ने गुजरात की घोषणा दो हफ्ते तक टाली रखी और इस बीच प्रधानमंत्री एक बार गुजरात का दौरा कर चुके हैं और दूसरी बार 30 अक्टूबर को राज्य के दौरे पर जा रहे हैं।

इस बार प्रधानमंत्री टाटा समूह के साथ भागीदारी करके एयरबस के परिवहन विमान बनाने के प्रोजेक्ट का शिलान्यास करेंगे। इस प्रोजेक्ट को आनन-फानन में पिछले दिनों तमाम सरकारी मंजूरी दिलाई गई। पहले यह परियोजना महाराष्ट्र में लगने वाली थी लेकिन बाद में इसे गुजरात शिफ्ट कर दिया गया। वह विवाद अलग है।

लेकिन सवाल है कि क्या इस परियोजना की घोषणा और शिलान्यास के लिए आयोग ने चुनाव की घोषणा रोक रखी थी? आयोग को लेकर यह भी बड़ा सवाल है कि क्या इसी तरह से वह स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव कराएगा? बहरहाल, 30 अक्टूबर को इस प्रोजेक्ट के शिलान्यास और 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के मौके पर कुछ बड़ी घोषणाएं हो जाएंगी और उसके अगले दिन चुनाव आयोग की ओर से तारीखों का ऐलान हो सकता है। मतदान दिसंबर के पहले हफ्ते में होगा और वोटों की गिनती पहले से तय है कि आठ दिसंबर को होगी।

# मोदी के स्वर्ण काल में भूख, कतई नहीं!

हरिशंकर व्यास

पिछले दिनों दुनिया की दो जानी मानी संस्थाओं की ओर से तैयार किया जाने वाला ग्लोबल हंगर इंडेक्स जारी हुआ। मतलब देशों में भूख का वैश्विक सूचंकाक। इसमें भारत छह स्थान और गिर कर 107वें स्थान पर पहुंच गया है। वह पिछले साल 101वें स्थान पर था। उससे पहले के साल 94वें स्थान पर था। यानी मुफ्त अनाज बांटने की योजना जैसे जैसे आगे बढ़ी है वैसे वैसे भारत में भूख और कुपोषण बढ़ता गया है। कुछ समय पहले ही भारत श्गरीबी की राजधानी बना।

भारत ने नाइजीरिया को हटा कर उसकी जगह ली। अब भारत कुपोषण की राजधानी भी घोषित है। दुनिया में सबसे ज्यादा कुपोषित लोग खास कर बच्चे भारत में रहते हैं। जिन बच्चों की लंबाई उम्र के मुताबिक नहीं है या लंबाई के अनुपात में वजन कम है, ऐसे बच्चों में दुनिया के 19 फीसदी से ज्यादा भारत में हैं। दुनिया के भूखे लोगों में से 24 फीसदी का घर भारत है। यानी दुनिया का हर चौथा भूखा व्यक्ति भारतीय है। भूखे लोगों की संख्या और उनकी स्थिति के मामले में पाकिस्तान, नेपाल, श्रीलंका, बांग्लादेश आदि सारे देश भारत से अब बेहतर स्थिति में हैं। सबकी रैंकिंग भारत से अच्छी है। मगर जिस दिन से यह रिपोर्ट आई है भारत सरकार इसे खारिज करने में लगी है। हकीकत मानने, उसमें सुधार करने की बजाय भारत सरकार हकीकत बताने वाले के पीटे पड़ी हई है।



बेरोजगारी के आंकड़े खुद संघ के दत्त-त्रेय होसबाले ने बताए। उन्होंने कहा था कि भारत में चार करोड़ लोग बेरोजगार हैं। बेरोजगारी की क्लासिकल परिभाषा के मुताबिक ऐसे लोग,जो अपनी काबलियत और क्षमता के मुताबिक काम नहीं पा रहे है। ऐसे लोगों की संख्या चार से साढ़े चार करोड़ बताई जा रही है। लेकिन इससे वास्तविक तस्वीर जाहिर नहीं होती है क्योंकि करोड़ों नौजवानों में कोई योग्यता नहीं है। उन्होंने पढ़ाई नहीं की है और न उनको पास कोई तकनीकी डिग्री है।

दूसरे, आठवीं पास लोगों के लिए जो नौकरियां हैं उनमें भी बीए, एमए पास लोग लाईन में हैं और नौकरी ले रहे हैं। इसलिए बेरोजगारी की स्थिति का पता हो ही नहीं सकता है। जमीन पर बेरोजगारी कितनी भयावह है इसका कुछ अंदाजा पिछले दिनों लोगों को तब लगा, जब उत्तर प्रदेश में प्रारंभिक पात्रता परीक्षा यानी पीईटी का आयोजन हुआ। करीब साढ़े 37 लाख लोगों ने इसके लिए आवेदन किया था। परीक्षा के दिन पूरे राज्य के रेलवे स्टेशनों पर जैसी भीड़ और भगदड़ थी वह अभूतपूर्व थी। नौजवान ट्रेनों में आगे पीटे और अगल बगल लटक कर परीक्षा देने पहुंचे। इसके बावजूद लाखों

**दूसरे, आठवीं पास लोगों के लिए जो नौकरियां हैं उनमें भी बीए, एमए पास लोग लाईन में हैं और नौकरी ले रहे हैं। इसलिए बेरोजगारी की स्थिति का पता हो ही नहीं सकता है। जमीन पर बेरोजगारी कितनी भयावह है इसका कुछ अंदाजा पिछले दिनों लोगों को तब लगा, जब उत्तर प्रदेश में प्रारंभिक पात्रता परीक्षा यानी पीईटी का आयोजन हुआ। करीब साढ़े 37 लाख लोगों ने इसके लिए आवेदन किया था।**

बच्चे समय पर परीक्षा केंद्र तक नहीं पहुंच सके।

सोचें, प्रधानमंत्री अगले साल दिसंबर तक 10 लाख नौकरी देने की बात कर रहे हैं और एक ही राज्य में साढ़े 37 लाख लोग नौकरी के लिए जान दांव पर लगा रहे हैं!

# क्या आप भी है गले की खराश या जुकाम से परेशान? तो अपनाएं ये नुस्खा तुरंत मिलेगा निजात

मौसम में बदलाव के कारण इस समय लोगों को कई प्रकार के इंफेक्शन और बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है, इसमें सर्दी, खांसी एवं जुकाम का खतरा सबसे अधिक होता है। चूंकि अभी सर्दी का मौसम अभी पूरी तरह आया नहीं है, तो ऐसे में कई व्यक्ति अभी तक ठंडे पानी, कोल्ड ड्रिंक्स, या लस्सी पीने की आदत छोड़ नहीं पाए हैं। मगर इसकी वजह से उन्हें गले की खराश का सामना करना पड़ता है, ये एक ऐसी समस्या है जिसके शिकार होने के बाद ठीक से बात करना मुश्किल हो जाता है, यहां तक की भोजन करने में भी परेशानी होती है।

गले की खराश कैसे करें दूर?दादी-नानी के जमाने के कई ऐसे नुस्खे हैं जो गले एवं नाक की बीमारियों से हमें टुटकारा दिला सकते हैं। विशेष तौर पर गले की खराश से यदि आप परेशान हैं तो किचन में रखी इन चीजों का अवश्य उपयोग करें।

मेथीरू-

मेथी एक बेहत सुगंधित मसाला है, यही कारण है कि कई रेसेपीज को तैयार करने के लिए इसका उपयोग किया जाता है। इसके लिए आप एक चम्मच मेथी दानों को एक कप पानी में उबाल लें। इसके गुनगुने पानी को छन्नी से छानकर पी जाएं।

मुलेठी और शहदरू-

मुलेठी को गले की खराश का रामबाण उपचार माना जाता है, यदि आप भी इस परेशानी से टुटकारा पाना चाहते हैं तो एक चम्मच मुलेठी पाउडर लें तथा इसके साथ शहद को मिक्स कर लें। अब गुनगुने पानी के साथ इसके गरारे करें, इससे जल्द आराम प्राप्त होगा।

नमक और हल्दी के पानी के गरारेरू-

नमक एवं हल्दी का उपयोग हम अक्सर खाने का टेस्ट बढ़ाने के लिए करते होंगे, मगर इन दोनों का कम्बिनेशन गले की खराश से निजात दिलाने का कमा कर सकता है। इसके लिए आप एक ग्लास पानी को गैस स्टोव पर चढ़ाकर गुनगुना कर लें। अब इसमें आधा चम्मच नमक एवं एक चम्मच हल्दी को मिक्स करके लगभग 5 बार गरारे करें, आपकी परेशानी आहिस्ता-आहिस्ता कम होने लगेगी।

# तैलीय त्वचा को प्रातिक रूप से मइस्चराइज करने के लिए अपनाएं ये तरीके

तैलीय त्वचा होने की सबसे बड़ी चुनौती इसकी नमी संतुलन बनाए रखना है। कई लोग तो मइस्चराइजर का उपयोग करना ही छोड़ देते हैं क्योंकि इससे उन्हें त्वचा की तैलीयता बढने का डर रहता है। ऐसा करना गलत है क्योंकि त्वचा के प्रकार कुछ भी हो, मइस्चराइजिंग स्किन केयर रूटीन का अहम हिस्सा है। आइए आज हम आपको पांच ऐसे तरीके बताते हैं जिन्हें अपनाकर आप अपनी तैलीय त्वचा को प्रातिक रूप से मइस्चराइज कर सकते हैं।

**दूध का करें इस्तेमाल**

दूध में लैक्टिक एसिड होता है, जिसमें मइस्चराइजिंग गुण होते हैं। यह स्किन बैरियर फंक्शन को बनाए रखने में भी मदद करता है। लाभ के लिए एक चौथाई कप ताजे दूध में नींबू के रस की कुछ बूंदें डालकर अच्छी तरह मिलाएं और इसे अपने चेहरे पर लगाएं। 10 मिनट बाद अपने चेहरे को पानी से धो लें। ऐसा आप हफ्ते में एक बार कर सकते हैं।

**गुलाब की पंखुडियां भी हैं प्रभावी**

गुलाब की पंखुडियों का अर्क त्वचा पर एंटी-इंफ्लेमेटरी प्रभाव प्रदर्शित करता है और त्वचा के अतिरिक्त तेल को नियंत्रित करके इसे मइस्चराइज कर सकता है। लाभ के लिए एक सस पैन में थोड़ा गुलाब जल और एक कप गुलाब की पंखुडियां डालकर इसे उबालें। अब इस घोल को ठंडा करके छान लें, फिर इसमें एलोवेरा जेल मिलाकर इसे फ्रिज में रख दें। इस मिश्रण को रात में सोने से पहले अपने चेहरे पर लगाएं।

**एलोवेरा आएगा काम**

एलोवेरा न केवल आपकी तैलीय त्वचा को मइस्चराइज कर सकता है बल्कि इसे सूरज की हानिकारक किरणों से बचाए भी रख सकता है। लाभ के लिए एक कटोरी में एक चम्मच कारनौबा वैक्स, दो-तीन बड़ी चम्मच जोजोबा तेल और एक बड़ी चम्मच पानी मिलाएं। अब इसे थोड़ा गर्म करके अपने चेहरे और गर्दन पर लगाएं। ऐसा हर रात सोने से पहले करें।

**नींबू और शहद का मिश्रण लगाएं**

नींबू त्वचा के अतिरिक्त तेल को नियंत्रित करने का कार्य करता है, जबकि शहद एक बेहतरीन प्रातिक मइस्चराइजर का काम करता है। लाभ के लिए एक नींबू का रस निचोड़ें और उसमें शहद डालकर इसे अच्छी तरह मिलाएं और इसे अपने चेहरे और गर्दन पर लगाएं। 15 मिनट बाद त्वचा को पानी से धो लें। सर्वोत्तम परिणामों के लिए इसे हफ्ते में 1-2 बार दोहराएं।

**सूरजमुखी का तेल भी है कारगर**

सूरजमुखी के बीज के तेल में लिनोलिक एसिड होता है जो आपकी त्वचा को हाइड्रेट करता है और त्वचा के बैरियर को मजबूत करता है। लाभ के लिए सूरजमुखी के तेल की कुछ बूंदें लें और इससे अपनी त्वचा की मालिश करें। ऐसा दिन में कम से कम एक बार करें ताकि आपकी त्वचा में नमी बनी रहे।

# विदेश नीति में नई सोच?

नई परिस्थितियों में भारत जैसे बड़े और महवपूर्ण देश के लिए लंबे समय तक अस्पष्टता का शिकार रहना संभव नहीं रह गया है। इसीलिए विदेश मंत्री के ताजा बयान ने ध्यान खींचा है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर का ग्लोबल साउथ के साथ हमेशा खड़े रहने और संयुक्त राष्ट्र के प्रभाव को मजबूती देने के लिए लगातार प्रयास करने की घोषणा महवपूर्ण है। जयशंकर ने यह संकल्प संयुक्त राष्ट्र दिवस- 24 अक्टूबर- को एक विशेष वक्तव्य में जताया। अगर यह बयान संपूर्ण पुनर्मूल्यांकन पर आधारित और सुविचारित है, तो इसे भारतीय विदेश नीति में एक महवपूर्ण बदलाव के रूप में देखा जाएगा। इसलिए कि 1990 के दशक से लेकर हाल तक भारत ने इस बारे में स्पष्ट रुख ना रखने के कारण दुनिया में न सिर्फ विकासशील देशों का स्वाभाविक नेतृत्व गवां दिया, बल्कि वैश्विक मामलों में उसकी आवाज भी कमजोर होती चली गई। ये दौर धनी देशों के साथ समीकरण बनाने की कोशिश का रहा। लेकिन कुल नतीजा यह रहा कि धनी देश भारत को एक बाजार की नजर से देखते रहे और साथ ही उसे अपना पिछलग्गू समझने लगे। दुनिया में भारत की ऐसी ही छवि बनती चली गई। बहरहाल, यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से भारत ने




अपनी विदेश नीति में स्वतंत्र रूप से निर्णय लेने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है। दरअसल, यूक्रेन युद्ध के बाद बनी परिस्थितियों में दुनिया दो खेमों में बंटती चली गई है।

अगर पश्चिमी मीडिया के पास नैरेटिव थोपने की ताकत के बावजूद अब यह सबको स्पष्ट नजर आ रहा है कि अमेरिका और अन्य पश्चिमी देश इस युद्ध के बाद बनी परिस्थितियों में दुनिया को अपने ढंग से हांकने में सफल नहीं हुए हैं। ऐसे में भारत जैसे बड़े और महवपूर्ण देश के लिए लंबे समय तक अस्पष्टता का शिकार रहना संभव नहीं रह गया है। इसीलिए विदेश मंत्री के ताजा बयान ने ध्यान खींचा है। व्यावहारिक रूप से भारत ने इस बीच ब्रिक्स और शंघाई सहयोग संगठन जैसे उभरते वैकल्पिक ढांचों में अपनी सक्रिय भूमिका बनाए रखी है। साथ ही वह डलर से कारोबार को अलग करने की दुनिया में आगे बढ़ रही परिघटना में भी एक हद तक शामिल रहा है। इससे ग्लोबल साउथ में भारत को लेकर दिलचस्पी बढ़ी है। अब विदेश मंत्री के बयान को इस बात का संकेत समझा जाएगा कि भारत ने हाल में भूमिका निभाई है, वह उसकी बदलती सोच का परिणाम है।

## अमेरिका में हैलोवीन पार्टी में दो की मौत, दो घायल

**लॉस एंजिल्स , एजेंसी।** अमेरिका के पश्चिमी प्रांत कैलिफोर्निया के लस एंजिल्स के पूर्व में कोविना में एक हैलोवीन पार्टी में हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए।

लस एंजिल्स काउंटी शेरिफ विभाग ने बताया कि घायलों का इलाज चल रहा है। विभाग ने बताया कि पार्टी में शामिल एक व्यक्ति ने गोलीबारी की और मौके से भाग गया।

पुलिस ने बताया कि पुलिस स्थानीय समयानुसार (0827 जीएमटी) लगभग 12: 27 बजे बेलब्रूक स्ट्रीट के 17000 ब्लक में पहुंची। यहां घटित हुई घटना में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं तीन अन्य को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां उनमें से एक को बाद में मृत घोषित कर दिया। गोलीबारी की परिस्थितियों की जांच की जा रही है।

## फिलीपींस में नगले तूफान से 98 लोगों की मौत

**मनीला ,एजेंसी ।** फिलीपींस में सप्ताहांत में आए विनाशकारी उष्णकटिबंधीय तूफान के कारण कम से कम 98 लोगों की मौत हो गई है। इसकी वजह से देश के कई हिस्सों में अचानक बाढ़ आ गयी और भूस्खलन हो गयी है। सरकार ने सोमवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन परिषद ने बताया कि 58 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि अन्य 40 की पहचान की जा रही है। 63 लापता में से 25 की मौत की पुष्टि की गई है, जबकि अन्य 38 की पहचान की जा रही है। एजेंसी ने बताया कि 53 मौतें दक्षिणी फिलीपींस में मुस्लिम मिंडानाओ (बीएआरएमएम) के बंगसामोरो स्वायत्त क्षेत्र में हुई हैं।वहीं, अन्य मौतें मध्य फिलीपींस में मुख्य लुजोन द्वीप के नौ क्षेत्रों और दक्षिणी फिलीपींस में मिंडानाओ द्वीप के अन्य क्षेत्रों में हुयी हैं।एजेंसी ने बताया कि नलगे तूफान ने 108 लाख से अधिक लोगों को प्रभावित किया है। 364 सड़कों और 82 पुलों को क्षतिग्रस्त हुयी हैं और कई क्षेत्रों में बिजली की गुल हो गयी है।

## सीएए मामले में चुनौती दे रहीं याचिकाओं पर एससी में 6 दिसंबर को सुनवाई, असम

**नई दिल्ली ,एजेंसी ।** सीजेआई ने ष्ट्र मामले को उचित पीठ के समक्ष 6 दिसंबर को सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है। क्योंकि वो 7 नवंबर को रिटायर हो जाएंगे। सीजेआई ने सरकार को असम और त्रिपुरा के संबंध में दायर याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने को समय दिया है। दो या तीन मामलों को प्रमुख मामले के तौर पर सुना जाएगा ताकि मामले पर सुनवाई आसानी से की जा सके।गौर हो कि केंद्र सरकार ने रविवार को सुप्रीम कोर्ट से नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज करने का अनुरोध किया था। साथ ही कहा था कि यह कानून असम में अवैध प्रवास या भविष्य में देश में किसी भी तरह के विदेशियों के आगमन को प्रोत्साहित नहीं करता है।

## सीमा पर पकड़े गए दो पाकिस्तानी नागरिकों को बीएसएफ ने पाक रेंजर्स को सौंपा

**नई दिल्ली ,एजेंसी ।** पंजाब से लगी अंतरराष्ट्रीय सीमा पर भारत ने इंसानियत दिखाते हुए दो पाकिस्तानी नागरिकों को पाक रेंजर्स के सुपुर्द कर दिया है। यह दोनों पाक नागरिक अनजाने में भारतीय सीमा में घुस आए थे। बीएसएफ की तरफ से ये जानकारी दी गई है। बीएसएफ ने बताया कि रविवार को अमृतसर सेक्टर में जवानों ने 2 पाकिस्तानी नागरिकों को भारत की सीमा में दाखिल होते समय पकड़ लिया।

# कांग्रेस की इस चिट्ठी से उड़े बीजेपी-आप के होश! ऐसे चल रहा है राज्य में पार्टी का मिशन अंडरग्राउंड

**गुजरात, एजेंसी।** बीते कुछ महीनों में गुजरात के ज्यादातर विधानसभाओं में कांग्रेस ने एक ऐसी चिट्ठी बांट दी है, जिससे गुजरात की राजनीति में बड़ी उथल-पुथल मच गई है कहां गुजरात में चर्चाएं हो रही थी कि कांग्रेस के कोई भी कद्दावर नेता और पार्टी का कोई भी बड़ा चेहरा अब तक जमीन पर उतर कर माहौल नहीं बना पा रहा है। वही इस चिट्ठी बांटे जाने की जानकारी सामने आने के बाद विरोधी दलों कि नेता भी उसी रणनीति पर काम करते हुए डोर-टू-डोर प्रचार की योजना बनाने लगे हैं। जबकि कांग्रेस बीते कुछ महीनों से डोर-टू-डोर चला रहे इस प्रचार अभियान की जगह पर अब अपनी रैलियों और बड़ी जनसभाओं को करने की योजना बनाने लगी है।



फिलहाल गुजरात में कांग्रेस के चल रहे इस अंडर ग्राउंड मिशन से पार्टी यह मानकर चल रही है कि उसने ज्यादा से ज्यादा लोगों से सीधे संपर्क कर लिया है जो कि आने वाले चुनावों में उसके लिए बहुत फायदेमंद होने वाला है।

कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, पार्टी ने बीते कुछ महीनों से गुजरात की सभी विधानसभाओं में जाने के लिए अंदरूनी तौर पर एक रणनीति बनाई थी। पार्टी से जुड़े सूत्रों का कहना है कि पार्टी ने गुजरात के सभी जिलों में अपनी कमेटी को न सिर्फ सक्रिय किया बल्कि राज्य की सभी 182 विधानसभा में बूथवार एक संकल्प पत्र वितरित करने की योजना बनाई। इस योजना के तहत तकरीबन पांच महीने पहले पार्टी के आलाकमान से चर्चा करने के बाद गुजरात राज्य इकाई ने अपने सभी कार्यकर्ताओं को गांव-गांव और बूथ पर जाकर पार्टी की नीतियों और राहुल गांधी के आठ संकल्पों के बारे में पत्र के माध्यम से संपर्क करना शुरू किया। इस दौरान पार्टी के कार्यकर्ता और नेताओं ने मिलकर राहुल गांधी के संकल्प पत्त की चिट्ठी को जनता के बीच तक पहुंचाना शुरू कर दिया।

संकल्प पत्र के माध्यम से तैयार की गई इस चिट्ठी में कांग्रेस को मजबूत करने के साथ-साथ जनता के प्रति कांग्रेस की जवाबदेही के बारे में भी जिक्र किया गया है।नगुजरात कांग्रेस से जुड़े हुए एक वरिष्ठ नेता कहते हैं कि इस बार हमारी पार्टी ने भले ही हो हल्ला न किया हो। दूसरी पार्टी के बड़े नेताओं की तरह बड़ी बड़ी रैलियां और बड़ी बड़ी जनसभाएं ना की हो। लेकिन कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता राज्य की प्रत्येक विधानसभा के हर वोटर से मिल चुका है। उक्त कांग्रेस के वरिष्ठ नेता का कहना है कि दूसरे राजनीतिक दल भले कांग्रेस को गुजरात में कमजोर आंक रहे हों लेकिन हकीकत कांग्रेस पार्टी और उनके मतदाताओं को पता है। दरअसल पार्टी ने अपनी मजबूत पकड़ बनाते हुए गांव गांव में बीते कई महीनों से लोगों से संपर्क करना शुरू कर दिया हैं।

गुजरात कांग्रेस पार्टी से जुड़े एक वरिष्ठ नेता कहते हैं कि राहुल गांधी के जिन आठ संकल्पों को लेकर जनता के बीच में उनके कार्यकर्ता पहुंचे हैं वह इस बार बहुत प्रभाव डालने वाला है। उनका कहना है कि इन संकल्पों में पार्टी की ओर से किए जाने वाले काम और जनता की ओर से उनको दिए जाने वाले सहयोग का न सिर्फ जिक्र है बल्कि उसको कैसे जमीन पर उतारना है उसका भी पूरा खाका तैयार है। वो कहते हैं कि कांग्रेस बीते कई महीनों से लगातार डोर टू डोर प्रचार कर रही है। उनका कहना है ऐसे डोर टू डोर प्रचार में बड़ी रैलियां और बड़ी जनसभाएं नहीं होती हैं। उन्हें लेकिन कांग्रेस ने इस बार कुछ अलग हटकर करने की कोशिश की और उसी कड़ी में जनता के दर पर दस्तक देकर अब तक हर विधानसभा के मतदाताओं से सीधे संपर्क कर लिया है।

गुजरात कांग्रेस से जुड़े वरिष्ठ नेता कहते हैं कि उनकी पार्टी ने राहुल गांधी के जो वचन पत्र बांटे हैं वह आंकड़ों में तकरीबन दो करोड़ लोगों तक पहुंच चुके हैं। कांग्रेस से जुड़े एक वरिष्ठ नेता जो कि गुजरात में कांग्रेस की चुनाव प्रचार समिति के प्रमुख व्यक्ति हैं उनका कहना है कि अब उनकी योजना डोर टू डोर प्रचार के साथ-साथ बड़ी रैलियों चुनावी जनसभाओ के माध्यम से जनता से ऐसे भी मुखातिब होने की तैयारी चल रही है। गुजरात कांग्रेस के चुनाव समिति से जुड़े वरिष्ठ नेता कहते हैं कि पार्टी जल्द ही संकल्प यात्रा निकालने जा रही हैं। संकल्प यात्रा के माध्यम से गुजरात के अलग-अलग क्षेत्रों में कांग्रेस के बड़े-बड़े नेता और बड़े कार्यकर्ता पहुंचेंगे। इसमें राजस्थान और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भी मौजूद रहेंगे, जबकि मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ दिग्विजय सिंह समेत कई अन्य बड़े नेताओं को ऐसी रैलियों में जाने के निर्देश मिल चुके हैं।

कांग्रेस पार्टी से जुड़े वरिष्ठ नेता बताते हैं कि इस परिवर्तन संकल्प यात्रा से पार्टी गुजरात की सभी विधानसभाओं में पहुंचकर जनता से एक बार फिर सीधे रूबरू होगी। योजना के अनुसार गुजरात के पांच अलग-अलग बड़े शहरों से इस यात्रा को निकाला जाएगा। एक यात्रा एक सप्ताह से दस दिनों तक चलेगी। गुजरात कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता मनीष दोषी कहते हैं कि पार्टी मजबूती के साथ गुजरात विधानसभा चुनाव लड़ रही है। उनका कहना है कि वह बेवजह का माहौल नहीं बनाते हैं बल्कि सीधे जनता से संपर्क करके उनके दुख दर्द को समझ कर उसके निदान और पार्टी की अपनी योजनाओं के बारे में अवगत कराते हैं।

## आतंकी हमले से दहला सोमालिया, मंत्रालय के सामने 2 कारों में ब्लास्ट- 100 लोगों की मौत

**मोगादिशु ,एजेंसी ।** सोमालिया की राजधानी मोगादिशू में दो कार बम विस्फोट हुए जिसमें कम से कम 100 लोगों की मौत हो गई है। घटना शिक्षा मंत्रालय के बाहर की है। सोमालिया के राष्ट्रपति हसन शेख ने एक बयान में घटना की पुष्टि करते हुए 300 लोगों के घायल होने की बात की है। घायलों में कई की हालत गंभीर बनी हुई है।

दो कार बम विस्फोटों ने सोमालिया के शिक्षा मंत्रालय की इमारत को निशाना बनाया। रयटर्स ने एक स्थानीय नागरिक के हवाले से कहा, श्दो कार बमों ने ्य5 स्ट्रीट के किनारे शिक्षा मंत्रालय की इमारत को निशाना बनाया। मंत्रालय की रखवाली करने वाले एक पुलिस अधिकारी, जिसने अपना नाम हसन बताया, ने बताया कि उसने विस्फोट के तुरंत बाद कम से कम 12 शव देखे और 20 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल पड़े थे।

बम विस्फोट के दृश्य सोशल मीडिया प्लेटफर्म पर वायरल हो गए हैं और विस्फोट के बाद मोगादिशु शहर के ऊपर बादल उठते दिख रहे हैं। अन्य वीडियो में धमाके वाली जगह के आस-पास और दूर-दराज के घरों के शीशे टूटे हुए दिखाई दे रहे हैं। आतंकवादी संगठन अल-शबाब के इस बम धमाके के पीटे होने की सूचना है, जो सोमालियाई सरकार के खिलाफ हिंसक, सशस्त्र लड़ाई लड़ रहा है। सोमाली सुरक्षाबलों का कहना है कि उन्होंने हाल के हफ्तों में स्थानीय आत्मरक्षा समूहों के साथ लड़ते हुए अल-शबाब के खिलाफ युद्ध के मैदान में बढ़त हासिल की है, लेकिन इस आतंकी समूह ने घातक हमले करना जारी रखा है।

पुलिस प्रवक्ता सादिक दूदीश ने कहा, श्दोपहर दो बजे अल-शबाब के आतंकवादियों ने बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों सहित नागरिकों को निशाना बनाते हुए दो विस्फोट किए। इससे पहले किस्मायू में सोमवार को 9 लोग आतंकियों के शिकार बने थे। सुरक्षाबलों ने उन्हें मार गिराया था। बंदरगाह शहर के तवाकल होटल के गेट में विस्फोटकों से लदे एक वाहन के टकराने के बाद गोलियां चलीं। जुबलैंड के सुरक्षा मंत्री युसुफ हुसैन धूमल ने रयटर्स को बताया, श्विस्फोट में छात्रों और नागरिकों सहित नौ लोग मारे गए और 47 अन्य घायल हो गए, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है।

## जम्मू-कश्मीर का सबसे लंबा फ्लाईओवर तैयार, उद्घाटन का इंतजार

**जम्मू ,एजेंसी ।** जम्मू-कश्मीर में सबसे लंबे फ्लाईओवर का निर्माण पूरा हो चुका है और औपचारिक उद्घाटन का इंतजार है। 4.6 किमी लंबा फ्लाईओवर जम्मू-अखनूर रोड पर बना है और स्कूल शिक्षा निदेशालय जम्मू के पास कनाल हेड को गणेश विहार मीठी से जोड़ता है। हालांकि इसका निर्माण पूरा हो चुका है, लेकिन आधिकारिक तौर पर लोगों को समर्पित नहीं किया गया है। निर्माण एजेंसी औपचारिक रूप से इसका उद्घाटन करने के लिए भारत सरकार के एक गणमान्य व्यक्ति की प्रतीक्षा कर रही है।केंद्रीय सड़क और राजमार्ग मंत्रालय के तहत इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट करपोरेशन लिमिटेड नाम की कंपनी ने सड़क चौड़ीकरण परियोजना पर काम किया जिसकी कुल लागत 1,345 करोड़ रुपये है और इसे चार पैकेजों में विभाजित किया गया है। पैकेज 2 के तहत फ्लाईओवर का निर्माण किया गया है, जबकि पैकेज 3 के तहत 60 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है।प्रोजेक्ट मनिटरिंग यूनिट जम्मू-अखनूर के महाप्रबंधक एसपी सांगवान ने मीडिया को बताया कि जम्मू-कश्मीर में सबसे लंबे कैनाल हेड टैग्रेश विहार मीठी फ्लाईओवर का काम बहुत जल्दी पूरा हो गया है।

## द.कोरिया में भगदड़ में मरने वालों की संख्या 154 हुई

**सोल ,एजेंसी ।** दक्षिण कोरिया की राजधानी सोल के इटावन जिला में हैलोवीन समारोहों के दौरान बीती रात मची भगदड़ में हताहत होने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 154 हो गयी है।

दक्ष़ कोरिया के अधिकारियों ने यह जानकारी सोमवार को दी। गृह एवं सुरक्षा मंत्रालय के अनुसार, इस घटना में कम से कम 154 लोग मारे गए और 149 अन्य घायल हुए हैं। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि घायलों में से 33 लोगों की स्थिति नाजुक बनी हुयी है।

मंत्रालय ने बताया कि इस घटना में मारे गए लोगों में 26 विदेशी थे और अन्य 15 घायल हुए हैं।

## सुको ने दुष्कर्म पीड़ितों पर टू-फिंगर टेस्ट की निंदा की, कहा- ऐसा करने पर माने जाएंगे दोषी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दुष्कर्म पीड़ितों पर श्टू-फिंगर टेस्टश प्रथा की निंदा की और कहा कि इसका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है और इसमें महिलाओं को फिर से पीड़ित किया जाता है, जिनका यौन उत्पीड़न हुआ हो, और यह एक अपमान है। यौन उत्पीड़न और बलात्कार के शिकार लोगों पर श्टू-फिंगर टेस्टश किया जाता है ताकि यह पता लगाया जा सके कि उन्हें यौन संबंधों की आदत है या नहीं।

शीर्ष अदालत ने कहा कि यह सुझाव देना पितृसत्तात्मक और सेक्सिस्ट है कि एक महिला पर विश्वास नहीं किया जा सकता है जब वह कहती है कि उसके साथ दुष्कर्म किया गया है, केवल इसलिए कि वह यौन रूप से सक्रिय है। अदालत ने कहा कि कोई भी व्यक्ति जो इस अदालत के निर्देशों का उल्लंघन करते हुए टू-फिंगर टेस्ट या योनि परीक्षण करता है, तो वह कदाचार का दोषी होगा।

न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति हेमा कोहली की पीठ ने झारखंड सरकार की एक याचिका पर एक फैसले में यह टिप्पणी की जिसमें उसने शैलेंद्र कुमार राय उर्फ पांडव राय को बलात्कार और हत्या के आरोपों से बरी करने को चुनौती दी थी। शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के फैसले को पलट दिया और राय को बलात्कार और हत्या का दोषी ठहराते हुए निचली अदालत के आदेश को बरकरार रखा और उसे उम्रकैद की सजा सुनाई।

इसलिए हम उच्च न्यायालय के 27 जनवरी, 2018 के फैसले को रद्द करते हैं और सत्र न्यायालय के 10 अक्टूबर, 2006 के फैसले को बहाल करते हैं। जिसमें प्रतिवादी को आईपीसी की धारा 302, 341, 376 और 448 के तहत दंडनीय अपराधों के लिए उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। पीठ ने कहा कि ये सजाएं साथ-साथ चलेंगी। प्रतिवादी को तुरंत सजा काटने के लिए हिरासत में लिया जाएगा। पीठ ने कहा कि झारखंड के देवघर स्थित सदर अस्पताल के मेडिकल बोर्ड ने पीड़िता की जांच के दौरान यह पता लगाने के लिए दो अंगुलियों का परीक्षण किया था कि क्या उसे संभोग की आदत थी।

# पाकिस्तान में सियासी अराजकता, कभी भी लग सकता है मार्शल लॉ

**इस्लामाबाद ,एजेंसी ।** बीते कई समय से पाकिस्तान गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा है। वहीं इसके बीच देश में सियासी अराजकता ने मुल्क की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। ऐसे में एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि आने वाले दिनों में देश में मार्शल ल लागू किया जा सकता है। कभी-कभी ऐसी स्थितियां उत्पन्न हो जाती हैं, जिसमें अराजकता और शासन के बीच एक ही विकल्प बचता है। इस स्थिति में सेना कदम रखती है। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान अगले छह महीने या इससे भी कम समय में मार्शल ल की तरफ बढ़ रहा है।

पाकिस्तान में जिस तरह के राजनीतिक डेवलपमेंट हो रहे हैं, उसके बारे में बोलते हुए जस्टिस काटजू ने लिखा है कि, पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान, जिन्होंने ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही के मुद्दों पर 2018 का चुनाव जीता था, उनके कार्यकाल के दौरान देश में भारी आर्थिक उथल-पुथल देखी गई।

इमरान खान के शासन के खिलाफ पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम), जो कि पीपीपी, पीएमएलएन और कुछ अन्य पार्टियों का गठबंधन है, उसने आर्थिक अराजकता का हवाला देकर इमरान खान की तहरीक- ए-इंसाफ पार्टी को सत्ता से बाहर कर दिया। इमरान खान की सरकार को अपदस्त करने के बाद पीडीएम सत्ता में आई। लेकिन, पीडीएम के शासनकाल में भी अभी कर पाकिस्तान की स्थिति में कोई सुधार होता हुआ नहीं दिख रहा है। हालांकि, इस दौरान अमेरिका की तरफ से उसे मदद जरूर मिली है और पाकिस्तान एफएटीएफ के ग्रे-लिस्ट से भी बाहर आ गया है, लेकिन देश उसी तरह की आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहा है, जैसा इमरान खान के शासनकाल में कर रहा था। वहीं, पिछले दिनों आई भीषण बाढ़ ने पाकिस्तान की स्थिति को और भी ज्यादा बद से बदतर बना दिया।

लेखक ने विश्लेषण किया है, कि जनता का आम समर्थन इमरान खान के पास है। यह हाल ही में हुए संसदीय उपचुनावों से भी स्पष्ट होता है। यानि, शहबाज शरीफ अपने शासनकाल में जनता के बीच पैठ बनाने में नाकाम रहे हैं। इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने आठ में से छह सीटें जीतीं, लेकिन पीडीएम सिर्फ दो सीटें ही जीत सकी।

## एनसीपी प्रमुख शरद पवार की तबियत बिगड़ी, ब्रीच कैंडी अस्पताल में हुए भर्ती

**मुंबई ,एजेंसी ।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार को सोमवार सुबह कुछ स्वास्थ्य समस्याओं के चलते ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पार्टी के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी है। 82 वर्षीय पवार को चिकित्सकीय सलाह के अनुसार तीन दिनों तक अस्पताल में रखा जाएगा और दो नवंबर को टुट्टी मिलने की संभावना है।बाद में गुरुवार को वह अहमदनगर जिले के शिरडी जाएंगे और वहां 4-5 नवंबर को होने वाले राकांपा के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लेंगे।

## कोयंबटूर विस्फोट: एनआईए की 7 सदस्यीय टीम ने शिकायतकर्ता से जानकारी मांगी

**चेन्नई ,एजेंसी ।** अधीक्षक श्रीजीत और इंस्पेक्टर विग्नेश के नेतृत्व में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की सात सदस्यीय टीम और पांच अधिकारियों की एक टीम संगमेश्वर मंदिर, उक्कदम के पुजारी एस सुंदरसन से जानकारी ले रही है, जो शिकायतकर्ता हैं। 25 वर्षीय इंजीनियर जमीशा मुबीन की 23 अक्टूबर की सुबह संगमेश्वर मंदिर के पास एक कार विस्फोट में जलकर मौत हो गई थी। दिवाली की पूर्व संध्या पर हुए कार विस्फोट ने कोयंबटूर को झकझोर कर रख दिया। तमिलनाडु पुलिस ने जांच में पाया कि कार विस्फोट कोई आकस्मिक दुर्घटना नहीं थी और इसके अलावा भी बहुत कुछ था। पुलिस टीम ने मुबीन के आवास पर छापेमारी की और पाया कि उसके आवास में पोटैशियम नाइट्रेट, सल्फर और एल्युमीनियम पाउडर और चारकोल जैसे रसायन बड़ी मात्रा में रखे हुए थे। आगे की जांच में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया जो मृतक जमीशा मुबीन के साथी थे। गिरफ्तार किए गए लोगों में मोहम्मद अजहरुद्दीन, फिरोज इस्माइल, मोहम्मद तलहा, मोहम्मद रियास, अफसर खान और मोहम्मद नवास इस्माइल शामिल हैं।

## छठ के दिन कलयुगी बेटे की हैवानियत, कहासुनी के बाद मां को जिंदा जलाया, तड़प-तड़प कर मौत

**हाजीपुर ,एजेंसी।** बिहार में एक कलयुगी बेटे ने छठ के मौके व्रत रखने वाली मां को बेटे ने ही जिन्दा जला कर मार डाला। हादसा वैशाली के हाजीपुर के सदर थानाक्षेत्र के आशीष चौक के पास का है। इस घटना में महिला गंभीर रुप से झुलस गई थी जिससे उसकी तड़प-तड़प कर मौत हो गई। आग की लपटों से युवक भी जल गया है और उसका इलाज हाजीपुर सदर अस्पताल में किया जा रहा है। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मृतका रंजू देवी और बेटे को अस्पताल में भर्ती कराया जहां डक्टरों ने रंजू देवी को मृत घोषित कर दिया। आरोपी बेटे का इलाज अस्पताल में चल रहा है।मामले संबंधित जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि रविवार की रात करीब 10 बजे उन्हें घटना के बारे में स्थानीयों द्वारा सूचित किया गया। मौके पर पहुंची टीम ने बेहोश हालत में पड़े बेटे और गंभीर रूप से झुलसी रंजू देवी को आनन फानन में अस्पताल में भर्ती कराया।

## भगत सिंह की फांसी वाले सीन की रिहर्सल कर रहा था बच्चा, फंदे से लटक कर मौत

**चित्रदुर्ग ,एजेंसी ।** यहां दिल दहला देने वाला एक मामला सामने आया है जिसमें 12 साल के बच्चे की मौत हो गई। बच्चा एक नाटक की रिहर्सल कर रहा था। मृतक बच्चे का नाम संजय गौड़ा था। संजय एसएलवी स्कूल में सातवीं कक्षा का छात्र था। संजय के स्कूल में भगत सिंह की फांसी के एक सीन का प्ले किया जाना था। संजय को स्कूल में भगत सिंह का रोल करना था।

जानकारी में आगे पता चला कि संजय घर में भगत सिंह को फांसी की प्रैक्टिस करता था।

# जगन मोहन रेड्डी ने आंध्र प्रदेश को बर्बाद कर दिया : टीडीपी

**हैदराबाद ,एजेंसी ।** तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) के वरिष्ठ नेता यनमाला रामष्णुडू ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने आंध्र प्रदेश को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया, जो कभी प्रगति के पथ पर अग्रसर था। पूर्व वित्त मंत्री ने कहा कि जगन मोहन रेड्डी भ्रामक अभियानों का सहारा ले रहे हैं और अपनी विफलताओं से जनता का ध्यान हटाने के लिए राज्य के लोगों के बीच धार्मिक और क्षेत्रीय मतभेद पैदा कर रहे हैं। रामष्णुडू ने कहा कि उन्होंने इन साढ़े तीन वर्षों में राज्य को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है, जिसे दूरदर्शी एन. चंद्रबाउ नायडू ने बहुत मेहनत से बनाया था।

टीडीपी पोलित ब्यूरो के सदस्य ने कहा कि पोलावरम परियोजना, जो आंध्र प्रदेश के लोगों की जीवन रेखा है, उसको रोकना जगन रेड्डी के अत्याचारी शासन का उत्ष्ट उदाहरण है। उन्होंने दावा किया कि लोग वाईएसआरसीपी शासन को अलविदा कहने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। जब भी चुनाव होंगे, यह तय है कि वाईएसआरसीपी उम्मीदवारों को उनकी जमा राशि भी वापस नहीं मिलेगी।

टीडीपी नेता ने कहा कि राज्य में किसान असुरक्षित महसूस कर रहे हैं क्योंकि शून्य ब्याज और फसल ा ण जैसी योजनाओं को ठीक से लागू नहीं किया जा रहा है जिससे किसान निजी ा ण लेने के लिए मजबूर हो रहे हैं। षि पंप सेटों के लिए मीटर लगाए जा रहे हैं जो किसानों पर भारी बोझ बन गए हैं। उन्होंने याद दिलाया कि, टीडीपी शासन के दौरान 12 लाख से अधिक किसानों को षि ा ण दिया गया था, अब दो लाख किसानों को भी ा ण स्वीत नहीं किया गया है। उन्होंने कहा, राज्य से सबसे ज्यादा किसान आत्महत्याओं की सूचना मिली है और यह षि क्षेत्र को दी जा रही सहायता के बारे में बताता है।

टीडीपी नेता ने आरोप लगाया कि जगन ने शिक्षा, चिकित्सा और खेती जैसे प्रमुख क्षेत्रों की पूरी तरह उपेक्षा की है। मुख्यमंत्री इन क्षेत्रों को विकसित करने की तुलना में संगठनों के नाम बदलने में अधिक रुचि दिखा रहे हैं।

# भुवनेश्वर की किफायती गेंदबाजी से आक्रमण करने में मदद मिली: अर्शदीप



पर्थ, अर्शदीप सिंह मौजूदा टी20 विश्व कप में अपनी सफलता का श्रेय भुवनेश्वर कुमार को देते हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि यह सीनियर तेज गेंदबाज पावरप्ले के ओवरों में लगातार दबाव बना रहा है जिससे उनके लिए विकेट हासिल करना आसान हो गया है।अर्शदीप ने पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने शुरुआती ओवरों में क्रमशः बाबर आजम और क्विंटन डिकॉक जैसे शीर्ष बल्लेबाजों को आउट करके भारत को महत्वपूर्ण सफलता दिलाई।

अर्शदीप ने तीन मैच में 7.83 की इकोनॉमी रेट से सात विकेट चटकाए हैं। भुवनेश्वर के नाम इतने ही मैच में तीन विकेट हैं लेकिन उन्होंने 10.4 ओवर में सिर्फ 4.87 की इकोनॉमी रेट से रन देते हुए शानदार प्रदर्शन किया है।

अर्शदीप ने रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत की पांच विकेट की हार के बाद कहा, हम बल्लेबाजों की कमजोरियों का अध्ययन करते हैं। मैं और भुवी भाई शुरुआत में कुछ स्विंग हासिल करके बल्लेबाजों को छकाने का प्रयास करते हैं। मैं बल्लेबाज को निशाना बना पाता हूं क्योंकि भुवी भाई इतनी किफायती गेंदबाजी कर रहे हैं कि बल्लेबाज पहले से ही दबाव में है।

भुवनेश्वर को भले ही काफी विकेट नहीं मिले हों लेकिन अपनी स्विंग की बदौलत उन्होंने तीनों मैच में बल्लेबाजों को काफी परेशान किया।

अर्शदीप ने कहा, मेरी सफलता का श्रेय उन्हें जाता है। बल्लेबाज उनके (भुवनेश्वर) खिलाफ जोखिम नहीं उठा रहे हैं और मेरे साथ ऐसा कर रहे हैं इसलिए हमने अच्छी साझेदारी की है। गेंदबाजी साझेदारी उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी कि बल्लेबाजी साझेदारी।

शुरुआती ओवरों में मिली सफलता से अर्शदीप का आत्मविश्वास बढ़ा है।

# दिनेश कार्तिक के खराब प्रदर्शन से खफा हुए सहवाग



नई दिल्ली, पर्थ के आप्टस स्टेडियम पर टीम इंडिया का प्रदर्शन साउथ अफ्रीका के खिलाफ काफी खराब रहा और भारतीय टीम को इस मैच में हार मिली। अपने पहले दो मैच जीत चुकी भारतीय टीम के इस तरह के प्रदर्शन की उम्मीद पर्थ में तो नहीं की जा रही थी, लेकिन टीम के बल्लेबाजों ने बेड़ा गर्क कर दिया और प्रोटियाज पेसर्स के सामने पहली पारी में 133 रन ही बना पाई। हालांकि, भारतीय गेंदबाजों इतने कम स्कोर पर भी फाइट किया, लेकिन भारत को अपनी पहली हार का सामना करना पड़ा।

**दिनेश कार्तिक के प्रदर्शन से सहवाग नाराज**

इस मैच में कई दिग्गज भारतीय बल्लेबाजों की तरह से दिनेश कार्तिक ने भी निराश किया, जो निचले क्रम पर अच्छी बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं और उनके पास मौका था। आइपीएल 2022 में निचले क्रम पर अच्छे प्रदर्शन के दम पर ही उन्होंने भारतीय टीम में जगह बनाई थी, लेकिन जब अहम वक्त पर उन्हें कुछ करना था तो वो फिसड्डी साबित हुए। इस वर्ल्ड कप में वो पाकिस्तान के खिलाफ सस्ते में आउट हो गए तो वहीं साउथ अफ्रीका के खिलाफ रन बनाने के लिए संघर्ष करते हुए नजर आए।

# कार्तिक चोटिल, बांग्लादेश के खिलाफ खेलना संदिग्ध



पर्थ,भारतीय टीम के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी दिनेश कार्तिक की पीठ रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच के दौरान चोटिल हो गई और उनका एडिलेड में बांग्लादेश के खिलाफ मैच में खेलना संदिग्ध है।कार्तिक अभी तक टूर्नामेंट में बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भी उन्होंने 15 गेंद पर केवल छह रन बनाए।

दक्षिण अफ्रीकी पारी के 15 ओवर के बाद कार्तिक दर्द से कराहते हुए दिखे। उन्होंने अपनी पीठ पकड़ ली और घुटनों के बल बैठ गए। फिजियो तुरंत ही उनके पास पहुंचे और कुछ देर बाद कार्तिक उनके साथ ही वापस पवेलियन लौट गए।

भुवनेश्वर कुमार ने बाद में पुष्टि की कि कार्तिक की पीठ में चोट लगी है।

उन्होंने कहा, उनके साथ पीठ से जुड़ा कोई मामला है। फिजियो की रिपोर्ट मिलने के बाद ही इस बारे में स्पष्ट रूप से कुछ कहा जा सकता है।भारत को अगला मैच दो नवंबर को बांग्लादेश के खिलाफ एडिलेड में खेलना है और ऐसे में कार्तिक के पास फिट होने के लिए बहुत कम समय है।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच में आखिरी पांच ओवरों में कार्तिक की जगह ऋषभ पंत ने विकेटकीपिंग की।

# शंकर मुथुसामी को विश्व जूनियर चैंपियनशिप में रजत



सैंटाडर (स्पेन),। भारत के शंकर मुथुसामी को रविवार को यहां बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष एकल के फाइनल में चीनी ताइपे के कुओ कुआन लिन से सीधे गेम में हारने के कारण रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

तमिलनाडु का यह 18 वर्षीय खिलाड़ी 48 मिनट तक चले मैच में कुआन लिन से 14–21 20–22 से हार गया।

पूर्व विश्व जूनियर नंबर एक खिलाड़ी शंकर इस प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने वाले चौथे भारतीय बन गए हैं। उनसे पहले अपर्णा पोपट (1996), साइना नेहवाल (2006) और सिरिल वर्मा (2015) ने इस चैंपियनशिप में रजत पदक जीते थे।

# केएल को कब तक मिलेगा राहुल द्रविड़ का साथ, खराब फार्म लगातार है जारी

, एडिलेड। .भारतीय उपकप्तान केएल राहुल ने मेलबर्न, सिडनी और पर्थ में अब तक तीन पारियों में कुल 22 रन बनाए हैं। दक्षिण अफ्रीका से मिली हार के बाद टीम इंडिया के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के पसंदीदा खिलाड़ी पर सवाल उठ रहे हैं। द्रविड़ इस खिलाड़ी को लंबे समय तक सभी प्रारूप में भारत के भविष्य के कप्तान के तौर पर देखते हैं।

चोट के बाद टीम में वापसी करते ही उन्हें रोहित की अनुपस्थिति में जिंबाब्वे के विरुद्ध वनडे टीम का कप्तान बना दिया गया था। हालांकि पहले घोषित टीम के कप्तान शिखर धवन थे। भारत को अब एडिलेड में बुधवार को बांग्लादेश से भिड़ना है।

# महेश गवली भारत की अंडर—20 पुरुष टीम के मुख्य कोच नियुक्त



नवी मुंबई, पूर्व भारतीय डिफेंडर महेश गवली को अंडर–20 पुरूष टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफ-एफ) ने इसकी घोषणा की।गवली इस तरह क्षणमुगम वेंकटेश की जगह लेंगे जिन्होंने पद से हटने का फैसला किया था क्योंकि भारतीय टीम एएफसी अंडर–20 एशिया कप के लिये क्वालीफाई नहीं कर पायी थी।

आईएम विजयन की अगुआई वाली एआईएफएफ की तकनीकी समिति ने यह फैसला किया। एआईएफ-एफ ने कहा, समिति ने भारतीय अंडर–20 पुरूष राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के पद के लिये पूर्व डिफेंडर महेश गवली के नाम की सिफारिश की।

## फिल्मी गपशप

# चिरंजीवी, रवि तेजा ने वाल्टेयर वीरैया में एक गाने के लिए एक साथ किया डांस



निर्देशक बॉबी कोल्ली की आगामी सामूहिक और व्यावसायिक मनोरंजक फिल्म वाल्टेयर वीरैया के निर्माताओं ने अब मेगास्टार चिरंजीवी और अभिनेता रवि तेजा के साथ एक शानदार डांस नंबर की शूटिंग की है। फिल्म यूनिट के करीबी सूत्रों का कहना है कि इस डांस को एक विशाल सेट पर शूट किया गया है।

रॉकस्टार देवी श्री प्रसाद, जिन्होंने फिल्म के लिए संगीत दिया है, एक सामूहिक नृत्य लेकर आए हैं जो मनोरंजन से भरपूर होगा।

सूत्रों का कहना है कि चिरंजीवी और रवि तेजा, जो दोनों महान नर्तक के रूप में जाने जाते हैं, नृत्य में सुंदर और सुरुचिपूर्ण दिखते हैं, जिसे शेखर मास्टर द्वारा कोरियोग्राफ किया गया है।

यह याद किया जा सकता है कि चिरंजीवी को एक विंटेज मास अवतार में प्रस्तुत करने वाले फिल्म के शीर्षक टीजर को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली।

श्रुति हासन ने फिल्म में चिरंजीवी के साथ मुख्य भूमिका निभाई है, जो सभी व्यावसायिक सामग्रियों से भरपूर एक मास–एक्शन एंटरटेनर है।

फिल्म का निर्माण मैथरी मूवी मेकर्स के नवीन यरनेनी और वाई. रविशंकर द्वारा बड़े पैमाने पर किया जा रहा है, जबकि जी.के. मोहन सह–निर्माता हैं।

आर्थर ए. विल्सन फिल्म के छायाकार हैं, जिसका संपादन निरंजन देवरामने और सुष्मिता कोनिडेला ने कॉस्ट्यूम डिजाइनर के रूप में किया है।

जहां कहानी और संवाद बॉबी ने खुद लिखे हैं, वहीं कोना वेंकट और के. चक्रवर्ती रेड्डी ने पटकथा लिखी है। लेखन विभाग में हरि मोहन कृष्ण और विनीत पोटलुरी भी शामिल हैं। वाल्टेयर वीरैया अगले साल संक्रांति पर स्क्रीन पर आने वाली है।





# सौंदर्य ने मेरा करियर बर्बाद कर दिया : पूर्व बिग बॉस 16 प्रतियोगी मान्या सिंह

फेमिना मिस इंडिया 2020 की उपविजेता मान्या सिंह, जो हाल ही में बिग बॉस 16 से बाहर हुई हैं, ने अपनी सह–प्रतियोगी सौंदर्या शर्मा पर कुछ गंभीर आरोप लगाए और कहा कि सौंदर्या ने एक एजेंसी को उसके बारे में झूठी बातें कहकर उसका करियर बर्बाद करने की कोशिश की, जहाँ वे दोनों काम करते थे। मान्या ने कहा, मैं एक ऑडिशन में सौंदर्या से पहली बार मिली थी और ऑडिशन के बाद हमारी मुलाकात बहुत गर्मजोशी से नहीं हुई थी। मुझे पता चला कि उसने मेरी एजेंसी से मेरे बारे में बुरी तरह से बात की, कि मैं पीड़ित कार्ड खेल रही थी और जिसके लिए मैं मुझे अपने करियर में एक कठिन दौर देखना पड़ा।

मान्या के सौंदर्या के साथ कभी अच्छे संबंध नहीं थे और सप्ताहांत के एक एपिसोड में, उन्होंने सौंदर्या के चरित्र पर सवाल उठाया और कास्टिंग काउच के माध्यम से काम पाने के लिए उन पर आरोप लगाया।

घर से बाहर आने के बाद जब मान्या कृष्णा अभिषेक द्वारा होस्ट किए गए शो बिग बज में आईं, जहाँ बिग बॉस से बेदखल प्रतियोगी दिलचस्प खेल खेलते हैं और बिना किसी पक्षपात के घरवालों के बारे में अपनी राय देते हैं। इस दौरान उन्होंने बिग बॉस 16 की कई बातों का खुलासा किया।

मान्या ने कहा, सौंदर्या और गौतम शो में एक–दूसरे के लिए प्यार दिखाने की बहुत कोशिश कर रहे हैं, लेकिन मुझे नहीं लगता कि दर्शक उनके बीच सच्चा प्यार देखते हैं। बिग बज पर होस्ट कृष्णा के साथ बातचीत के दौरान, मान्या ने उन्हें बताया कि उनका गौतम के साथ बहुत करीबी रिश्ता है और सौंदर्या उनके लिए कभी भी अच्छी नहीं हो सकती।

# सोनाक्षी चाहती थीं डबल एक्सएल की कास्ट सेट पर सीरियस हो



बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने खुलासा किया है कि वह डबल एक्सएल के सेट पर अक्सर सभी को गंभीर बना देती थीं। उन्होंने कहा कि सेट पर इतनी गपशप और मजाक था कि उन्हें फिल्म के ध्श्यों की शूटिंग के बारे में याद दिलाना पड़ता था। उन्होंने कहा, हम चारों ने फिल्म की शूटिंग में बहुत मजा किया है। हमें कभी नहीं पता था कि कहां रुकना है और काम करना शुरू करना है लेकिन केवल एक ही व्यक्ति था जो जानता था कि रेखा कहां खींचनी है और वह मेरे अलावा कोई नहीं था। मैं उन्हें नियंत्रित करती थी कि वे गंभीरता वापस लाएं ताकि हम सभी समय पर काम कर सकें।

जब साइज जीरो या टोंड बॉडी ही खूबसूरती का पैमाना है, तो डबल एक्सएल समाज द्वारा निर्धारित इन सभी मानदंडों को तोड़ता है और सोनाक्षी सिन्हा और हुमा कुरैशी द्वारा चित्रित दो प्लस साइज महिलाओं की कहानी सामने लाता है।

कॉमेडी–आधारित रियलिटी सीरीज द कपिल शर्मा शो में डबल एक्सएल के कलाकार दिखाई देंगे, जिसमें सोनाक्षी सिन्हा, हुमा कुरैशी, जहीर इकबाल, महत राघवेंद्र और निर्देशक सतराम रमानी सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में दिखाई देंगे।जब कलाकारों ने फिल्म के बारे में बात की, तो सोनाक्षी ने होस्ट कपिल शर्मा से कहा कि फिल्म की शूटिंग में इतना मजा आया कि वे सेट पर काम के बारे में भूल जाते थे, और फिर वह उन्हें शूटिंग के बारे में गंभीर होने के लिए कहती थी। जहीर ने उन्हें सीनियर बताते हुए कहा कि, उन्होंने हम तीनों को शो में आने से पहले ठीक से व्यवहार करने की चेतावनी दी थी।

# एटली की अगली फिल्म सलमान खान के साथ, सफलता के लिए सलमान का दांव



तमिल फिल्मों के सुपर निर्देशकों में शुमार एटली इन दिनों अपनी फिल्म जवान को लेकर खासी चर्चाओं में हैं। गौरतलब है कि आगामी वर्ष शाहरुख खान द्वारा निर्मित और अभिनीत फिल्म जवान प्रदर्शन के लिए तैयार है। जीरो के बाद परदे पर वापसी करने के लिए शाहरुख खान ने एटली पर दांव लगाया था लेकिन इससे पहले उनकी यशराज बैनर तले बन रही फिल्म पठान का प्रदर्शन होगा जो आगामी वर्ष 25 जनवरी को प्रदर्शित होगी, जबकि शाहरुख खान की नयनतारा अभिनीत फिल्म जवान 2 जून को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी। एटली को लेकर एक और बड़ी खबर बॉलीवुड के गलियारों में बहती हुई सुनाई दे रही है। गलियारों में बहती हवाओं का कहना है कि बॉलीवुड में भाई जान के नाम से ख्यात अभिनेता सलमान खान ने जब से शाहरुख खान की फिल्म जवान का टीजर देखा है उनका मन एटली के साथ काम करने का हो रहा है। बताया जा रहा है कि उन्होंने एटली के साथ अपनी फिल्म को लेकर बातचीत भी शुरू कर दी है। रिपोर्ट के मुताबिक सलमान खान ने एटली कुमार के साथ काम करने की इच्छा जताई है। जिसके बाद निर्देशक एटली कुमार सुपरस्टार सलमान खान के लिए अगली फिल्म की तैयारी में जुट गए हैं। हालांकि पहले वो शाहरुख खान की फिल्म जवान को पूरा करेंगे।

**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

—सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469 / 79
फोन / फैक्स 01382—222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com